पिछले कुछ दशकों में, देश में अल्पकालीन और दीर्घकालीन ऋणों की प्रवृत्ति विपरीत हो गई है। 1990-91 और उसके बाद के वर्षो में दीर्घकालीन ऋणों का अंश निरन्तर घट रहा है, इसका तात्पर्य है कि किसान दीर्घ कालीन निवेशों के लिये ऋण के स्थान पर आवर्ती व्ययों के लिए ऋण ले रहे हैं। यद्यपि भारत सरकार के दबाव के कारण उत्पादन ऋणों मे साल दर साल वृद्धि हो रही है, फिर भी इससे कृषि-पूँजी निर्माण में कोई महत्वपूर्ण योगदान नहीं दिया है। उत्पादन ऋण से केवल आमलोगों की खाद्य सुरक्षा ही सुनिश्चित हुई हैं। केवल दीर्घकालीन ऋण निवेश का प्रवाह से ही कृषि में पूँजी निर्माण सुनिश्चित है।

ऐसा अनुमान है कि कुल कृषि ऋण का 75% वाणिज्यिक बैंकों द्वारा तथा शेष 15% और 10% का योगदान क्रमश: सहकारिताओं एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा किया जा रहा है। यद्यपि ऋण के लिये प्रतिवेदित वृद्धि क्षेत्र में शायद ही परिलक्षित हुई है। भारत के लगभग 1540 मिलियन कृषक परिवार औपचारिक ऋण व्यवस्था से बहिष्कृत हैं। साधारण किसान अभी भी बैंकिग प्रणाली से ऋण पाने में कठिनाई अनुभव करता है। कृषि ऋण के आंकड़ों में वाणिज्यिक बैंकों के वर्चस्व के बावजूद 60% ऋण लेने वाले किसानों का ऋण का स्त्रोत अभी भी सहकारी बैंक ही हैं। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने अपने ऋण खातों में अपने योगदान से कुल कृषि ऋण का 10% तथा लगभग कुल ऋण लाभार्थियों का 20% की उल्लेखनीय वृद्धि की है। वास्तविकता यह है कि 80% कृषक परिवारों का कृषि ऋण सहकारी बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों दोनों से एक साथ आच्छादित किए जाने के उपरान्त मात्र 20% किसानों का कृषि ऋण वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिया जा पाना सम्भव है। वास्तविक तौर पर वाणिज्यिक बैंकों द्वारा किसानों को दिये जाने वाले प्रत्यक्ष ऋण प्रतिवेदित ऋणों से काफी कम होने चाहिए। वाणिज्यिक बैंकों द्वारा की जा रही कृषि ऋण की अति-गणना से ग्रामीण ऋण व्यवस्था में सरकारी नीतियां दूषित हुई हैं और सरकारी नीतियों एवं कार्यक्रमों में इस क्षेत्र के लिए ऋण के प्रवाह को बढ़ाने में सहकारिताओं के योगदान को काफी मात्रा में कम किया है।

कृषि उपज (औसत प्रति हैक्टेयर की दृष्टि से), अधिकांश फसलों के मामलों मे, चीन, ब्राज़ील, तथा संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे शीर्ष उत्पादक देशों की तुलना में, काफी कम हैं। कृषि जोतों के घटते आकार, अपर्याप्त सिंचाई के साधनों के कारण निरन्तर मान्सून पर निर्भरता, देश के विभिन्न भागों में मिट्टी के पोषक तत्वों के असन्तुलित उपयोग के कारण कृषि भूमि की उत्पादन क्षमता में आई कमी, देश के विभिन्न भागों में आधुनिक तकनीक की असंगत उपलब्धता औपचारिक कृषि ऋण की उपलब्धता के अभाव, सरकारी एजेन्सियों द्वारा अनाज की सीमित सरकारी खरीद तथा किसानों को लाभकारी मूल्य दिला पाने में असफलता, कृषि उत्पादकता को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों में सम्मिलित हैं।

विभक्त कृषि जोतों की बड़ी संख्या तथा कृषि श्रम शक्ति का रोजगार के अवसरों की तलाश में शहर की ओर पलायन तथा व्यवसाय के रूप में कृषि का अलाभकारी होना, संस्थागत वित्त के दीर्घ कालीन निवेश के सुगम प्रवाह के मार्ग में बहुत बडी बाधा रहा। इसने कृषि में पूँजी विनिर्माण में घटती प्रवृत्ति में योगदान किया।

कृषि के साथ साथ अन्य क्षेत्रों की लाभप्रदता से कृषि में निजी निवेश पर प्रभाव पड़ता है तथा विभिन्न फसलों की सापेक्षिक लाभप्रदता भूमि तथा अन्य संसाधनों के अन्तर फसल प्रावधान को निर्धारित करती हैं। कृषि में सुस्ती का प्रमुख कारण निजी निवेश तथा कृषि में उत्पादक सामग्री के उपयोग में आई कमी थी, जिससे अधिकांश फसलों की लाभप्रदता में हुई गिरावट से जुड़ी है। सार्वजनिक निवेश और निजी निवेश के साथ उत्पादक सामग्री के उपयोग के मध्य सम्पूरकता से कृषि क्षेत्र में गम्भीर संकट उत्पन्न हो गया। बढ़ते विखण्डन के साथ अधिकांश राज्यों में सीमान्तीकृत होती कृषि जोतें मिलकर उत्पादकता में वृद्धि तथा कृषि विकास में तेजी के लिये एक चुनौती हैं। लघु कृषकों की संवहनीयता और आर्थिक व्यवहार्यता सुनिश्चित करना तथा उनकी उत्पादन एवं विपणन में प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार लाना बेहतर तकनीक, आदानों, ऋण तथा विपणन की बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराया जाना उच्च एवं समावेशी कृषि विकास के लिये महत्वपूर्ण है।

कृषि तथा गैर कृषि क्षेत्र के रोजगारों के मध्य बढ़ते भेदभाव से व्यवधान उत्पन्न करने वाली प्रवृत्तियों को रोकने के लिये अकृषि क्षेत्र में लाभकारी व्यवसायों के सृजन के द्वारा कार्य-शक्ति के एक बड़े भाग को कृषि से स्थानान्तरित किये जाने की भी आवश्यकता है।

भूमि सुधार, ग्रामीण साख में बढ़ोत्तरी तथा अधिक सार्वजनिक निवेश जैसे नीतिगत उपाय कम विकसित क्षेत्रों में किये जाना महत्वपूर्ण है।

कृषि ऋण में दूसरा प्रमुख मुद्दा 90 के दशक से कुल ऋण प्रवाह में निवेश ऋण के अनुपात में आई भारी कमी हैं। इसने कृषि में पूँजी निर्माण की गति को बड़ी मात्रा में धीमा कर दिया है।सार्वजनिक निवेश का हिस्सा मात्र 25% होने के कारण, इस क्षेत्र में बहुत बड़े भाग का निवेश अधिकांशत: बैंक द्वारा दिये गये ऋण के माध्यम से निजी उपक्रम से किया जाता है। कृषि में सकल पूँजी निर्माण की औसत दर अंतिम पांच वर्षो में 15 आई जो मुद्रास्फीति से समायोजन किये जाने के उपरान्त गिरकर उसके आधे स्तर पर पहुंच जाती है। सही अर्थो में कृषि में पूँजी निर्माण जीर्ण हुई परिसम्पत्तियों के प्रतिस्थापन आवश्यकताओं को भी पूरी तरह से पूरा नहीं कर पाती है, जिससे शुद्ध पूँजी निर्माण नकारात्मक रहता है। नकारात्मक शुद्ध पूँजी निर्माण को रोकने के लिये सकल पूँजी निर्माण को अतिरिक्त 10% बढ़ाया जाना चाहिए।

50 आबादी जो जीवनयापन के लिये अभी भी कृषि पर निर्भर है, के साथ यह क्षेत्र अर्थ व्यवस्था पर इसके गुणक प्रभाव के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करता रहा है।

कृषि क्षेत्र की सबसे प्रमुख आवश्यकता किसानों को दीर्घ कालीन निवेश सृजित करने के लिये प्रोत्साहित करने की है। न केवल बढ़े हुये ऋण प्रवाह और आधारभूत ढांचागत निवेश के माध्यम से वरन कृषि बाजार और कृषि प्रसंस्करण में निवेश में वृद्धि के द्वारा भी जनता के सहयोग की अनिवार्य रूप से आवश्यकता हैं।

पूरे देश/क्षेत्र में कृषि-जलवायु स्थिति तथा कृषि विकास के स्तर तथा उनके द्वारा की जा रही फसल और सम्बद्ध क्रियाकलापों के अनुसार निवेश की आवश्यकताओं में अंतर हो सकता है।

राजस्व अवरोधों की सम्भावना पर ध्यान रखते हुए, कृषि में निवेश नीति उच्च भुगतान के साथ संसाधनों के कुशल एवं न्यायसंगत उपयोग से मार्गदर्शित होनी चाहिए।

- आपूर्ति अनुक्रिया में तेजी लाये जाने तथा आपूर्ति श्रृंखला में भारी बरबादी रोकने की भी आवश्यकता है।
- इसे प्राप्त करने के लिये आपूर्ति श्रृंखला में बड़े निवेश, अनुसंधान एवं विकास, प्रचालन-तंत्र प्रसंस्करण तथा संगठित खुदरा व्यापार की आवश्यकता है।
- निजी क्षेत्र के निवेश को एक ओर, खुले तथा बहु-लाभप्रद निवेशक नीतियों के माध्यम से तथा दूसरी ओर एफपीओ (सार्वजनिक शेयर निर्गमन) जिससे दोनों एक दूसरे को कृषि में बड़े निवेश के लिये मजबूती प्रदान कर सकें- के द्वारा-लाभान्वित किया जा सकता है।
- दुग्ध विकास, मुर्गी पालन, बागवानी, मत्स्य पालन, भण्डारण तथा विपणन, संविदा खेती आदि में अधिक निवेश ऋण प्रवाह को सुनिश्चित किया जाना, जो किसानों को रोजगार के अवसर और अतिरिक्त आय के स्त्रोत सृजित करें।

ऋण व्यवस्था उत्पादन प्रक्रिया में एक सक्षम और आवश्यक निवेश के रूप में कार्य करता है। अध्ययनों से पता चलता है कि संस्थागत स्त्रोंतो, यथा- वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, तथा सहकारिताएं उर्वरकों, बीज, तथा अन्य आदानों के लिये सुगम्य एवं व्यवहार्यता प्रदान कराती हैं तथा पूँजी निर्माण के साथ अत्यधिक सहसम्बन्धित भी हैं। मांग पक्ष से देखने पर ज्ञात होता है कि भारत में लगभग 86 कृषि निवेश संस्थागत और गैर संस्थागत स्त्रोंतों के उधारित धन से किया जाता है। मौजूदा संस्थागत वित्त तंत्र कुल उत्पादन ऋण आवश्यकता का 65% पूरा करता है और शेष भाग निवेश ऋण से पूरा होता है। सभी बैंकों द्वारा प्रदान कराये जाने वाले अल्पकालीन ऋण केवल फसल के उत्पादन के लिये होते हैं तथा उनकी कृषि निवेश में बहुत ही कम मात्रा होती है। चूंकि संस्थागत साख एजेन्सियों के माध्यम से लिये गये उधार ऋण से किये गये निवेश से किसानों को अपने निवेश का पर्याप्त लाभ नहीं मिल रहा है इससे कृषि में पूंजी निर्माण प्रभावित हुआ है, जिसमें विगत वर्षो में साथ काफी हद तक वृद्धि हो जानी चाहिए थी।

वर्तमान प्राक्कलन से पता चलता है कि दीर्घकालीन साख न केवल

नीचे गिरा है वरना यह कुल कृषि ऋण का एक चौथाई से भी कम है। इसलिये नीतिगत जोर पर्याप्त बजटरी समर्थन के साथ बैंकों को प्रोत्साहित करने पर दिया जाना चाहिये। इसी तरह, सार्वजनिक क्षेत्र के निवेश को इस क्षेत्र में सकल पूंजी निर्माण (जीसीएफ) पर गुणात्मक प्रभाव के कारण पुर्नजीवित किया जाना आवश्यक है।

भारत में कृषि विकास के लिये निवेश आवश्यकताओं का प्राक्कलन राज्य स्तर पर न कर केवल राष्ट्रीय स्तर पर ही किया गया। योजना आयोग ने अनुमान किया है कि बारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012-17) में 3.5 से 4.2 की वृद्धि दर के लक्ष्य को पाने के लिये 20.41% निवेश दर की आवश्यकता है। यह निवेश दर 5.32% की वृद्धिशील पूँजी अनुपात (आईसीओआर) पर आधारित है, इसे सार्वजनिक और निजी (कृषक परिवारों) क्षेत्र से पूरा किया जाना है। 2007-08 से 2011-12 तथा 2012-13 से 2013-14 के वृद्धिशील पूँजी अनुपात (आईसीओआर) के औसत पर आधारित तथा 9.23% वास्तविक कृषि आय में वार्षिक वृद्धि पर लक्ष्यित पर निजी खातों में निवेश के लिये अपेक्षित दर 6.62% है। (कृषि क्षेत्र के लिये) सार्वजनिक निवेश के परिप्रेक्ष्य में निवेश लक्ष्यित दर 6.92% प्रति वर्ष आंकलित की गई है। निरपेक्ष दृष्टि से, ऊंची कृषि आय सृजन के द्धारा किसानों की वास्तविक आमदनी को दुगना करने के लिये भारत में निजी निवेश 2004-05 के मूल्य पर 2015-16 में 296 बिलियन (29,559 करोड़.) से 2022-23 में बढ़ते हुये 463 बिलियन (46,299 करोड़) पहुंच जाना चाहिए।

पूर्व अवधि के लिये किये गये अध्ययनों में भी 2.2% से 4% के मध्य परिवर्तित होते कृषि में ऊंचे वृद्धिशील पूँजी अनुपात (आईसीओआर) के बारे में भी बताया है जो यह इंगित करता है कि प्रतिवर्ष उत्पादन में एक रुपये की वृद्धि के लिये रु.2.2 से रु.4 तक एकबार निवेश की आवश्यकता है। पूँजी की आवश्यकता भी लगभग दोगनुी हो जायेगी यदि आधारभूत संरचना तथा समर्थित निवेशों में सार्वजनिक निवेश को ध्यान में रखा जाता है। विभक्त जोतों की बढ़ी हुई संख्या के साथ ये असम्भव ही है कि सीमान्त कृषक निवेश ऋण लेना चाहेंगे जबकि ऐसे निवेश में पर्याप्त लाभ सुनिश्चिति नहीं है। इस प्रकार निवेश ऋण पर जोखिम और लाभ का अनुपात काफी अधिक होने के कारण, जहां लाभ की सम्भावना दूर तक न हो ऐसी स्थिति में लघु एवं सीमान्त कृषकों को ऊंची ब्याजदर पर ऋण लेने में हिचकिचाहट होगी। जैसा कि ऊपर इंगित किया गया है जब तक कि निवेश जोखिम प्रतिफल अनुपात सकारात्मक नहीं होता, किसान अतिरिक्त निवेश के लिये संस्थागत एजेन्सियों से ऋण ले कर कोई भी जोखिम लेना नहीं चाहेगा।

संस्थागत ऋण वितरण तंत्र के पास दीर्घकालिक संसाधन नहीं है। नाबार्ड की पुर्नवित्त सुविधा केवल बैंकों को तरलता समर्थन के माध्यम से ही है। सामान्य तौर पर वाणिज्यिक बैंक अपने निवेश ऋण के समर्थन में पुर्नभुगतान अवधि को पूरी तरह से दबा देते हैं जिसके कारण वह किसानों को बिना किसी आय के ऋण अदायगी के लिये बाध्य करते हैं। तथापि उन्हें अपनी वित्तीय आवश्यकताओं के लिये अनौपचारिक स्त्रोतों से सम्पर्क करने के लिये बाध्य होना पड़ता है जिनकी ब्याज दरें बहुत अधिक होती हैं। सहकारी बैंकों एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के पास निवेश ऋण में अपनी भागीदारी बढ़ाने के लिये पर्याप्त दीर्घकालीन संसाधन नहीं हैं। कभी नाबार्ड के सहयोग से और कभी नाबार्ड के पुर्नवित्त के सहयोग के बिना, कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (एआरडीबीएस) अपने सदस्यों की निवेश ऋण की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये एक मात्र स्त्रोत है। यदि कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबीएस) के द्धारा निवेश ऋण के मात्रा में वृद्धि की जानी है तो उन्हें नाबार्ड से अथवा अन्य किसी उच्च वित्तीय एजेन्सी द्धारा उदारीकृत वित्त पोषण किया जाना चाहिये क्योंकि कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (एआरडीबीएस) नीति निर्धारकों द्धारा दीर्घकालीन निवेश ऋण सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य के लिये सृजित एक मात्र स्त्रोत है। अत: यह नाबार्ड से पुर्नवित्त नीति के पुनरावलोकन के लिये अपील करता है, कि इसे कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबीएस) के साथ विना किसी प्रतिप्रबन्धित नीतियों का अपनाने के उलझाव के, उदारता के साथ समर्थन की सक्रिय भूमिका निर्वहन करनी चाहिये। वास्तव में, नाबार्ड अपने स्थापना काल से ही कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (एआरडीबीएस) से अपने पुर्नवित्त की अदायगी कराता आ रहा है जब कि वे ऋणी सदस्यों से अपना ऋण वसूल कर पाने की स्थिति में भी नहीं होते हैं। नाबार्ड की इस नीति का पुनरावलोकन किये जाने की आवश्यकता है तथा इसे कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबीएस) के द्धारा अपनी पुर्नवित्त किस्तों के बाद में अंतिम पुर्नभुगतान नीति को अपनाना चाहिये। इस प्रकार के दृष्टिकोण से कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबीएस) को अनेक सामाजिक और राजनैतिक कारणों से उत्पन्न प्रतिकूल वसूली वातावरण का सामना करने के लिये पर्याप्त अनुग्रह मिल सकेगा तथा नाबार्ड भी

जोखिम उठाने में सहभागी हो सकेगा।

यदि देश कृषि उपज के निर्यात में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना चाहता है, इसे बड़े पैमाने पर उपज उपरान्त प्रौद्योगिकी क्रियाकलापों को आरम्भ करने के लिये, कृषि मे परिसम्पत्तियों के सृजन तथा पूंजी निर्माण के लिये (सार्वजनिक और निजी दोनों ही में) भारी निवेश करने की आवश्यकता है। एआरडीबीज़ अपने साख संविभाग के विस्तार में, उन किसानों के लिये जो ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की गतिविधियों को करना चाहते हैं, निवेश ऋण को उदारतापूर्वक प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन कर सकते हैं। एआरडीबीएस को इस दिशा में सार्थक भूमिका निर्वहन के योग्य बनाने के लिये, नाबार्ड को एआरडीबीएस के प्रति उदार पुर्नवित्त अवलम्ब दिये जाने की आवश्यकता है जिससे एआरडीबीएस ग्रामीण विकास में सक्रिय भागीदार बने रह सकें। सर्व प्रथम, सरकार दीर्घकालीन साख संरचना की सशक्त भूमिका की उपेक्षा करती आ रही है, जो किसानों के लिए निवेश ऋण का एकमात्र विशेषीकृत अभिकरण है। दीर्घकालीन सहकारी साख संरचना की पुर्नरोत्थान में अत्यधिक विलम्ब किया गया है जिससे किसानों की दीर्घकालीन आवश्यकताओं को पूरा करने की इसकी सामर्थ्य प्रभावित हुई है। भारत सरकार को दीर्घकालीन सहकारी साख संरचना के लिए वैद्यनाथन टास्क फोर्स-।। द्वारा संस्तुत पुनरुद्धार पैकेज को बिना किसी देरी के कार्यान्वित कर देना चाहिए।

किसानों द्वारा दी जा रही निवेश ऋण पर ऊंची ब्याज दर दुसरा प्रमुख मुद्दा है जिस पर प्राथमिकता के आधार पर विचार किया जाना चाहिए। केन्द्रीय सरकार ने फसली ऋण की ब्याज दर को वहननीय दर पर बनाये रखने हेतु कदम उठाये हैं। फसली ऋण पर अधिकतम 3% ब्याज में अनुदान के बाद फसली ऋण पर अधिकतम ब्याज 4% वार्षिक है। राज्य सरकारों द्वारा इसके अतिरिक्त अनुदान दिये जाने के बाद कुछ राज्यों में फसली ऋण अब शून्य ब्याज दर पर उपलब्ध है। फिर भी इन उपायों में से कोई भी उपाय कृषि साख की लागत को कम करने हेतु कृषि निवेश के लिये दिये जा रहे ऋणों के लिये लागू नहीं किए गये हैं। नाबार्ड का निवेश ऋण हेतु बैंकों को पुर्नवित्त सहयोग लगभग 8.50% वार्षिक पर है जो आधारभूत ऋण लाभार्थी स्तर तक पहुचने की लागत सहित 12-14% वार्षिक की सीमा पर पहुँच जाता है। फसली ऋण और निवेष ऋण में भारी अंतर कृषि निवेश के लिये प्रमुख निरुत्साहक हो गया है।

वाणिज्यिक बैंकों के कृषि ऋणों से हानि से बाहर निकालने के लिए वर्ष 2014-15 से बढाकर 2015-16 में रु.15,000 करोड़ किया गया है, के आवंटन के साथ सरकार ने नाबार्ड के पास एक दीर्घकालीन साख कोश की स्थापना की है। नाबार्ड इस निधि का उपयोग अधिकतम 5 वर्ष के लिए न्यूनतम ब्याज दर पर निवेश ऋण पुर्नवित्त देने के लिए कर रहा है। यद्यपि एससीएआरडी बैंकों को उनके अधिकांश ऋण 5 वर्ष से अधिक होने के कारण एलटीआरसीएफ का एक छोटा हिस्सा ही मिला।

विशेष रूप से वर्षा पोषित स्थितियों के अन्तर्गत, जिसमें कुल कृषि क्षेत्र का 63% आता है, कृषि वित्त पोषणं बहुत जोखिमपूर्ण है। वर्तमान में कृषि वित्त पोषण में पूरी जोखिम वित्त पोषित करने वाली संस्थाओं द्वारा वहन की जाती है परिणाम स्वरूप उनकी गैर निष्पादित अस्तियों (एनपीए) का स्तर बहुत अधिक होता है। एआरडी बैंकों सहित सहकारी साख संरचना की अधिकांष संस्थाओं के लिए जो मुख्य रूप से सीमान्त एवं लघु कृषकों का पोषण करती हैं, उनकी गैर निष्पादित अस्तियां (एनपीए) बहुत ही असंतोषजनक है।

केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा ऋण माफी योजनाओं का क्रियान्वयन ने ऋण वसूली के वातावरण को दूषित किये हुए हैं। कृषि बीमा हेतु सरकार का किसानों को सहयोग फसलों के अतिरिक्त कृषि सम्पत्ति का बीमा करने के लिये बीमा को बढ़ाया जाना चाहिए। सरकार को ऐसी कार्यवाहियों से बचना चाहिए जिससे वसूली का वातावरण दूषित होता है और एआरडीबैकों की वसूली प्रक्रिया में हस्तक्षेप से रोकना चाहिये।

संस्थागत ऋण का अधिकांश भाग भारत के दक्षिण और उत्तर पश्चिम क्षेत्र के कुछ विकसित राज्यों को जाता है। परिणामस्वरूप पूर्वी और उत्तर-पूर्वी राज्यों जिनमें कृषि विकास की बहुत क्षमतायें हैं, पर्याप्त ऋण नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं। अनेक क्षेत्रों के साथ साथ प्रत्येक क्षेत्र के ग्रामीण समुदाय के मध्य साख व्यवस्था के विषम वितरण पर ध्यान देना ग्रामीण वित्त पोषण व्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती है।

IV. दीर्घकालीन सहकारी साख संरचना –विहंगावलोकन

भारत में ग्रामीण सहकारी साख प्रणाली दो अलग अलग धाराओं में विकसित हुई–अल्प कालिक एवं दीर्घ कालिक । दीर्घ कालिक साख संरचना का आरम्भ 1920 के प्रारम्भिक काल में किसानों को उनके पुराने ऋणों से मुक्त कराने हेतु दीर्घ कालीन ऋण प्रदान कराने हेतु भूमि बंधक बैंक की स्थापना के साथ हुआ। पहला भूमि बंधक बैंक 1920 में पंजाब में स्थापित हुआ इसके बाद बड़ी संख्या में इस प्रकार के बैंक दूसरे प्रान्तों में स्थापित किये गये। मद्रास में ऋण पत्र निर्गमन को केन्दीकृत करने तथा प्राथमिक भूमि बंधक बैंकों से समन्वय स्थापित करने के लिये पहला केन्द्रीय भूमि बन्धक बैंक स्थापित किया गया। बम्बई बैंकिग जांच समिति 1930 (बाम्बे बैंकिंग इन्क्वायरी कमेटी 1930) ने प्राथमिक ऋण समितियों के पास दीर्घ कालीन ऋण उपलब्ध कराने के संसाधनों की कमी का उल्लेख करते हुये दीर्घ कालीन वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु भूमि बंधक बैंक की संरचना का सुझाव दिया। 1930 से 40 के दशक में पूरे देश में भूमि बंधक बैंको की तीव्र वृद्धि हुई जिनके कार्य व आकार की कोई समान संरचना नहीं थी। अखिल भारतीय ग्रामीण साख सर्वेक्षण समिति ने राज्यस्तरीय शीर्ष निकाय के साथ भूमि बंधक बैंको के पुर्नगठन तथा तालुका स्तर के प्राथमिक भूमि बंधक बैंको को इससे सम्बद्ध किये जाने का सुझाव दिया। समिति ने भूमि बंधक बैंको की कृषि के लिये निवेश साख में क्रिया कलापों को विविधीकृत करते हुये विकासात्मक भूमिका के लिये भी निर्दिष्ट किया। द्वितीय पंचवर्षीय योजना के दौरान केन्द्रीय भूमि बंधक बैंक लगभग सभी राज्यों में स्थापित किये जा चुके थे जिन्हें भूमि विकास बैंक के नाम से जाना गया तथा 80 के दशक के आगे ग्रामीण अकृषि क्षेत्र में विविधीकरण कर इन्हें ही पुन: राज्य सहकारी कृषि एवं ग्राम्य विकास बैंक का नाम दिया गया।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारतीय कृषि के विकास में कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबीज़) का योगदान काफी महत्वपूर्ण रहा है। एआरडी बैंकों ने 60 एवं 70 के दशक में कृषि भूमि की उत्पादकता में वृद्धि कर विशेष रूप से लघु सिंचाई संसाधनों एवं कृषि यंत्रीकरण की सुविधायें प्रदान कर एक सराहनीय योगदान दिया। 80 तथा 90 के दशक में कृषि कार्य में पूँजी निर्माण के साथ ग्रामीण अकृषि क्षेत्र की योजनाओं में बड़ी मात्रा में वित्त पोषण का कार्य इन बैंकों द्वारा आरम्भ किये जाने से ग्रामीण परिवारों को, अतिरिक्त रोजगार के अवसरों दिये जाने के अलावा अपनी उपज के बेहतर मूल्य वृद्धि के माध्यम से अपनी आय वृद्धि का सुदृढ़ आधार मिला।

यहां इस बात का उल्लेख करना उचित प्रतीत होता है कि 1980–1990 तक केवल एआरडी बैंक ही प्रभावीरूप से एकमात्र बैंक थे जो कृषि के लिए निवेश ऋण उपलब्ध कराने में प्रवृत्त थे। वाणिज्यिक बैंकों की भूमिका कार्पोरेट क्षेत्र में वृक्षारोपण, व्यावसायिक मुर्गी पालन तथा डेयरी इकाइयों को मुख्यरूप से वित्तपोषण तक ही सीमित थी।

दीर्घ कालीन सहकारी साख संरचना में या तो निचले स्तर पर अपनी शाखाओं अथवा राज्य स्तरीय शीर्ष संस्था से सम्बद्ध प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्राम्य विकास बैंकों से संचालित 16 राज्यों के एससीएआरडी बैंक सम्मिलित हैं। एक समन्वित संरचना बनाने हेतु 1995 में आंध्र प्रदेश एससीएआरडी बैंक का विलय आंध्रप्रदेश राज्य सहकारी बैंक से कर दिया गया। अक्टूबर 2014 में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक का भी विलय छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक के साथ कर दिया गया। 1960 के बाद बने राज्यों में अधिकतर राज्यों में दीर्घ कालीन साख के लिए पृथक संरचना के अभाव में, राज्य सहकारी बैंक ही कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्र में निवेश साख से सम्बन्धित क्रिया कलापों का भी संचालन करते हैं।

वर्तमान में (दीर्घकालीन सहकारी साख) संरचना में 16 एससीएआरडी बैंक्स हैं जिनमें से मात्र 13 बैंक्स 1,751 पीसीएआरडी बैंकों/निचले स्तर पर एससीएआरडी बैंको की शाखाओं के नेटवर्क के साथ पूर्णरूप से क्रियाशील हैं। इन बैंकों की कुल सदस्य संख्या 1,07,49,291 ग्रामीण परिवार है जिनमें से 62,40,508 परिवारों पर ऋणों का बकाया है। 31.03.2019 को इन बैंकों का कुल बकाया

ऋण और उधार बकाया क्रमश: रु.20,679.26 करोड़ तथा रु.15,059.18 करोड़ था। 31.03.2018 को रु.2,157.38 करोड़ के सापेक्ष 31.03.2019 को इन पूर्ण क्रियाशील एससीएआरडी बैंक्स का कुल जमा रु.2,133.38 करोड़ था जब कि गतवर्ष वितरित रु.4421.46 करोड़ के सापेक्ष इनके द्वारा 31.03.2019 तक वितरित कुल ऋण रु. 4230.62 करोड था। इन बैंकों की कुल वसूली गत वर्ष 37.89 प्रतिशत की तुलना में (जून 2018 तक) 43.31 प्रतिशत रही।

31 मार्च, 2019 तक दार्घकालीन साख संरचना की संवृद्धि (लाखों में)

क्रम संख्या	विवरण	वर्ष के दौरान संख्या	
		2017-18	**2018-19**
1.	**एससीएआरडी बैंकों की संख्या**		
	पूर्ण क्रियाशील	13	13
	अन्य	3	3
2.	**शाखाओं का नेटवर्क**		
	एससीएआरडी बैंकों की शाखाएं	686	686
	पीसीएआरडी बैंक्स और उसकी शाखाएं	1,065	1,065
	योग	1,751	1,751
3.	**व्यक्तियों की सदस्यता**		
	ऋणी सदस्य	59,65,000	62,40,508
	गैर ऋणी सदस्य	47,72,728	45,08,783
	योग	**1,07,37,728**	**1,07,49,291**
4.	बकाया ऋण	20,67,586.36	20,67,925.88
5.	वितरित ऋण	4,42,146.36	4,23,061.99
6.	उधारी बकाया	15,16,917.01	15,05,917.61
7.	बकाया जमा	2,15,738.01	2,13,338.07
8.	**ऋण वसूली की स्थिति**		
	दिनांक तक	**30 जून 2017**	**30 जून 2018**
	मांग	12,53,600.36	14,11,461.03
	वसूली	4,75,020.35	6,11,252.50
	वसूली %	37.89	43.31
9.	**लाभ की धनराशि (31 मार्च को)**	7452.10	12404.39
	लाभ में (संख्या)	10	9
10.	हानि की धनराशि	8272.86	8845.30
	हानि में (संख्या)	3	4
11.	**कर्मचारियों की स्थिति**		
	एससीएआरडीबी स्तर पर	4985	4897
	पीसीएआरडीबी स्तर पर	4788	4669
	योग	**9773**	**9566**

दीर्घ कालीन सहकारी साख संरचना (एलटीसीसीएस) में मुद्दे एवं चुनौतियां

एलटीसीसीएस को एक गैर स्त्रोत आधारित विशिष्ट अवधि के ऋण प्रदान करने वाली संस्था के रूप में आकल्पित किया गया। संरचना में राज्य स्तरीय एवं प्राथमिक स्तरीय कृषि एवं ग्राम्य विकास बैंक सम्मिलित हैं। इन संस्थाओं को बैंकिंग नियामक अधिनियम के अन्तर्गत आने वाली बैंकों के रूप में कार्य करने का लाइसेन्स नहीं दिया गया है। फलस्वरूप इन्हें अन्य ग्रामीण वित्तीय संस्थानों (आरएफआई) की तरह आम लोगों से जमा लेने की अनुमति प्रदान नहीं की गई है। परिणामस्वरूप इन्हें ऋण वितरण के लिये भारी मात्रा में उधारीकृत निधियों पर ही निर्भर रहना पड़ता है। स्वतंत्रता से पूर्व अपने कार्यो के संचालन हेतु सरकार का कोष इनके वित्त पोषण का प्रमुख स्त्रोत था। भूमि विकास बैंकों के कार्यो के दीर्घ कालीन संसाधन जुटाने हेतु वर्ष 1961 में कृषि पुर्नवित्त निगम(एआरसी) की स्थापना की गई। वर्ष 1963 में कृषि पुर्नवित्त निगम (एआरसी) को एआरडीसी के रूप में नाम दिया गया। वर्ष 1982 में नाबार्ड की स्थापना होने तक भारतीय रिजर्व बैंक के कृषि पुर्नवित्त विकास निगम (एआरडीसी) तथा कृषि ऋण विभाग(एसीडी) दोनों दीर्घ कालीन साख संरचना (एलटीसीसीएस) के कार्यो के लिये कोष की व्यवस्था करते थे। जुलाई 1982 में कृषि पुर्नवित्त विकास निगम (एआरडीसी) तथा कृषि ऋण विभाग(एसीडी) दोनों को मिलाकर नाबार्ड बनाया गया। तब से इस संरचना के ऋण वितरण कार्य संचालन हेतु नाबार्ड ही कोषों का प्रमुख स्त्रोत है। तथापि, वर्ष 2000 के प्रारम्भ से नाबार्ड द्वारा दिया जा रहा पुर्नवित्त सहयोग शनै शनै घटता जा रहा है। इससे एससीएआरडी बैंकों का ऋण संचालन गम्भीर रूप से प्रतिबन्धित हुआ है। इसके अतिरिक्त कुछ राज्यों के एससीएआरडी बैंक जो शासकीय गारण्टी न मिल पाने अथवा आरम्भ किये गये जोखिम मूल्यांकन मानदण्डों पर आधारित पुर्नवित्त के लिए पात्रता की शर्तो को पूरा कर पाने में असफल रहने के कारण नाबार्ड से पुर्नवित्त प्राप्त नहीं कर सके, उन्हें संसाधनों के अभाव में ऋण वितरण कार्यो को स्थगित करना पड़ा था। जोखिम मूल्यांकन मानदण्डों पर आधारित जोखिम लागत निर्धारित किये जाने के बाद भी पश्चिम बंगाल को छोड़ कर अधिकांश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबीएस) को 0.25 (गुजरात) से 2 तक की सीमा तक गारण्टी शुल्क वहन करना पड़ा था। इस प्रकार प्रभावशाली ढंग से, कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबीएस) को उपलब्ध मार्जिन हर साल कम होता जा रहा है और उनकी लाभप्रदता धीरे धीरे समाप्त होती जा रही है। संसाधनहीन संस्था जो दीर्घकालीन निवेश ऋण की आवश्यकताओं को पूरा करने के विशेष उद्देश्य से बनाई गई थी, के साथ नाबार्ड जैसे उच्च वित्तीय अभिकरण द्वारा एआरडीबैंकों के साथ थोड़ा अलग ढंग से व्यवहार किया जाने की आवश्यकता है, न कि ग्रामीण वित्त पोषण करने वाली अन्य संस्थाओं, जो कि साधन सम्पन्न है, की तरह व्यवहार करने हेतु बाध्य करना। यहां यह स्पष्ट करना गलत नहीं होगा कि अन्य सहकारी साख संस्थाओं को पुर्नवित्त सहायता प्रदान कराते समय नाबार्ड शासकीय डिफॉल्ट गारण्टी पर ज़ोर नहीं देता है। चूंकि नाबार्ड अपने दिये जा रहे पुर्नवित्त की सुरक्षा के आधार पर शासकीय डिफाल्ट गारण्टी के लिये, विवश करता है, सम्बन्धित राज्य सरकार को गारण्टी शुल्क का भुगतान तथा जोखिम लागत का भुगतान कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों को दिये जा रहे पुर्नवित्त की लागत जुडता है जिसे समाप्त किये जाने की आवश्यकता है। सराहनीय है कि कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक(एआरडीबीएस) इन अतिरिक्त प्रभारों को अपने मौलिक ऋण प्राप्तकर्त्ता को हस्तांतरित नहीं कर सकता जबकि उसी क्षेत्र में दूसरी अन्य ग्रामीण वित्त पोषण करने वाली संस्थायें अपेक्षाकृत बहुत कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराती हैं। इसके अलावा कुछ राज्यों में गारण्टी मिलने में अत्यधिक विलम्ब होता है जिसके परिणामस्वरूप उन संस्थाओं को पूर्ण पुर्नवित्त की सुविधा नहीं मिल पाती है। इस संदर्भ में नाबार्ड एससीएआरडी बैंकों को उनकी भार रहित गुणवत्ता वाली सम्पत्ति और बिना सरकारी गारण्टी वाले अन्य गुणात्मक मानदण्ड अथवा इसी प्रकार के मापदण्डों के आधार पर एससीएआरडी बैंकों को पुनर्वित्त दिये जाने हेतु एक नया पुनर्वित्त उत्पाद प्रारम्भ करने के लिये निवेश ऋण में एआरडीबैंकों के शेयर बढ़ाने के लिये, नाबार्ड के भूतपूर्व अध्यक्ष श्री वाई सी नन्दा की अध्यक्षता में गठित कार्यदल की सिफारिश को क्रियान्वित करने पर विचार कर सकता है।

दीर्घकालीन ऋणी सदस्यों की अल्पकालीन उत्पादन ऋण/कार्यशील पूँजी आवश्यकताओं को पूरा करने में अक्षम रहना, एआरडी बैंकों की कार्यपद्धति एक अन्य दूसरी प्रमुख कमी रही है। अधिनियम में

प्रतिबन्ध होने के कारण एससीएआरडी बैंक, सामान्य तौर पर अभी हाल ही तक अल्पकालीन उद्देश्य हेतु ऋण परिवर्तित कर पाने में असमर्थ थे। हाल के वर्षो में, अधिकांश राज्यों में एआरडी बैंक अपने दीर्घकालीन ऋणी सदस्यों की अल्पकालीन ऋण आवश्यकताओं को सदस्यों के जमा संग्रहण से अर्जित कोष तथा एनसीडीसी से अल्पकालीन पुर्नवित्त व बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से पूरा कर रहें हैं। फिर भी एआरडी बैंक अभी भी फसली ऋण 7 वार्षिक की दर पर देने में असमर्थ हैं क्योंकि भारत सरकार की फसली ऋण ब्याज अनुदान योजना एआरडी बैंकों पर लागू नहीं किया गया है।

भारी बकाया तथा शासन द्वारा प्रायोजित योजनाओं में हानि, लेन-देन और जोखिम लागत में पर्याप्त मार्जिन की अनुमति दिये बिना विनियमित ब्याज दरों की लम्बी अवधि तथा योजना के अन्तर्गत खारिज किये गये ऋणों की प्रतिपूर्ति किये बिना 1990 में केन्द्र सरकार द्वारा ऋणमाफी योजना के क्रियान्वयन के कारण 90 के दशक से संरचना के संस्थानों में वित्तीय निष्पादन में गिरावट आना शुरू हो गई। वस्तुत: इन कारणों से वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा अल्पकालिक सहकारी साख संस्थाओं सहित सभी ग्रामीण वित्तीय संस्थानों को भी भारी वित्तीय हानि उठानी पड़ी। जबकि वाणिज्यिक बैंकों,क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा अल्पकालिक सहकारी साख संस्थाओं की हानियां सरकार की अनेक पुर्ननिर्माण प्रक्रिया के अंतर्गत पूरित कर दी गई, किन्तु कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकं (एआरडीबीएस) की हानियों की क्षतिपूर्ति अभी तक नहीं हो पाई है। यद्यपि दीर्घकालिक ऋण संरचना (एलटीसीसीएस) के लिये प्रोफेसर वैद्यनाथन की अध्यक्षता में गठित कार्यदल-2 ने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा 2006 में एआरडी बैंकों को एकबार सहायता के लिये पुनरुद्धार पैकेज की सिफारिश की जो अभी तक क्रियान्वित नहीं हो सका है।

पुनरुद्धार पैकेज के क्रियान्वयन में अनपेक्षित विलम्ब ने अपने सदस्यों की ऋण आवश्यकताओं को पूरा कर पाने की इस संरचना की क्षमता को बहुत अधिक प्रभावित किया है। इन असफलताओं के बावजूद यह संरचना अभी भी प्रांसंगिक है जिसे कृषि ऋण के कुल प्रवाह में निवेश ऋण के अनुपात में आई तीव्र गिरावट को रोकने के लिए सुदृढ़ बनाये जाने की आवश्यकता है। संरचना के पुनरुद्धार में एससीएआरडी बैंकों और पीसीएआरडी बैंकों का ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक परिवेश में कृषि में प्रभावी ढंग से पूँजी निर्माण पर केन्द्रित वित्तीय सेवायें प्रदान करने वाले आत्म निर्भर सदस्य संचालित संस्थान में रूपान्तरण किया जाना है।

वसूली की बिगड़ती स्थितियां एआरडी बैंकों की दूसरी प्रमुख समस्या है। बुनियादी स्तर पर कुल औसत ऋण वसूली कुछ वर्षो से 50% के आस-पास ही बनी हुई है। यद्यपि भूमि बंधक किए जाने से ऋण सुरक्षित हैं किन्तु कुछ राज्यों में कृषि भूमि के विक्रय के द्वारा वसूली करना कठिन है। संरचना की निवेश ऋण के साथ उत्पादन ऋण/कार्यशील पूँजी ऋण दे पाने में असमर्थता के परिणामस्वरूप उन ऋण लाभार्थियों को जो दूसरी अन्य संस्थाओं से अल्पकालीन ऋण नहीं ले पाते हैं, को पूरा लाभ नहीं मिल पाता है। इसके अतिरिक्त जिन एआरडी बैंकों में अल्पकालीन ऋण और बचत खाता सुविधायें प्रारम्भ नहीं की हैं, अपने ऋण लाभार्थियों से नियमित सम्पर्क बना पाने में असमर्थ हैं जो ऊंची दरों की ऋण वसूली के लिए आवश्यक है। मार्च 2017 में 4 राज्यों के सम्पन्न विधान सभा चुनावों से पूर्व प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा ऋण माफी की घोषणा तथा चुनाव के तुरन्त बाद सभी फसली ऋणों की उत्तर प्रदेश के बाद कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान, पंजाब, सरकारों द्वारा माफ कर दिये जाने से पूरे देश में कृषि ऋणों की वसूली बुरी तरह से प्रभावित हुई है। यद्यपि ऋण माफी एक बार के उपाय के रूप में की जाती है लेकिन यही भविष्य में आगे ऋण माफ हो जाने की उम्मीद को बढ़ाती है किन्तु इससे कृषि ऋण व्यवस्था, जो संसाधनों के पुर्नवर्तन के बिना कार्य नहीं कर सकती है, पूरी तरह ध्वस्त हो जाती है।

दीर्घकालीन कृषि ऋणों की वसूली की परिदृश्य

वर्ष 2018-19 के दौरान अनेक राज्य सरकारों द्वारा ऋण माफी की एक अन्य श्रृंखला के साथ दीर्घकालीन कृषि ऋणों का वसूली परिदृश्य में और गिरावट आई है। फरवरी 2017 से अभी तक उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, कर्नाटक, राजस्थान, और मध्य प्रदेश सहित आठ राज्यों ने ऋण माफी की घोषणा की हैं। कर्नाटक और राजस्थान में ऋण माफी इस अवधि में दो बार हुई, पहली हाल में हुये विधान सभा चुनावों से पहले तथा दूसरी बार चुनाव के बाद। विशेषज्ञों के अनुसार ऋण माफी से कृषि क्षेत्र की बढ़ती लागतों एवं घटती लाभप्रदता के

परिणामस्वरूप उपजी किसानों की मौलिक समस्यायें हल नहीं होती। तथापि, कृषि ऋण माफी में सबसे गम्भीर मुद्दा इसका दुष्प्रभाव साख व्यवस्था तथा ऋण भुगतान प्रवृत्ति पर पड़ना है। सामान्य ऋण माफी का भरोसा देते हुए बिना किसी शर्त के सभी किसानों के लिए लागू किये जाने की घोषणा की जाती है जिनके बारे में क्रियान्वित किये जाने के समय ही ज्ञात हो पायेगा तथा जिसमें ऋण माफी की सार्वजनिक घोषणा तथा क्रियान्वित किये जाने की अवधि में काफी बड़ा अन्तर होता है। जैसा कि सभी ऋणी सदस्य अपने ऋण माफ हो जाने की आशा करता हैं, अत: कोई भी ऋणी किसान न तो ऋण का भुगतान करता है और न ही भविष्य में ऋण अदा करने की कोई व्यवस्था ही करता है। वे किसान जिन्होनें दीर्घकालीन ऋण प्राप्त किया है, सबसें अधिक प्रभावित लोग थे, इन सापेक्षताओं के कारण ये ऋण माफी केवल फसली ऋण पर ही लागू हो सकी। राजस्थान में अभी हाल ही में लागू की गई ऋण माफी को छोड़ कर, किसी भी ऋण माफी ने किसानों द्वारा लिए गए दीर्घकालीन ऋणों को सम्मिलित नहीं किया। फलस्वरूप एआरडीबैंक जो दीर्घकालीन ऋण वितरित करते हैं, विगत दो वर्षो में, नाबार्ड को ऋणभुगतान की प्रतिबद्धता को पूरा कर पाने में असफल होने तथा भविष्य में ऋण वितरित न कर पाने असमर्थता के कारण शून्य तरलता के साथ समाप्त हो गये। यद्यापि इस ऋण माफी योजनाओं में केवल फसली ऋण आच्छादित थे, जोत के आकार तथा माफी के क्रियान्वयन पर सीमा की निर्धारित तिथि की शर्तो आदि के कारण फसली ऋण ले पाने वाला बहुसंख्यक वर्ग को इसका कोई लाभ नहीं मिल सका। इसके साथ ही इन सभी योजनाओं में ईमानदार किसान जो नियमित रूप से अपना ऋण अदा करता आ रहा था, उसे कोई लाभ नहीं दिया गया जो आगामी भविष्य के लिए सम्भावित बकायेदार बन चुके हैं। इस चुनाव से पहले मुख्य राजनीतिक दलों द्वारा किये गये वायदों में देश भर के सभी कृषि ऋणों की माफी ने वस्तुत: किसी भी प्रकार व श्रेणी के किसी भी प्रकार के किसान द्वारा कृषि ऋणों के किये जाने वाले भुगतान/ऋण वसूली को पूर्णत: अवरुद्ध कर दिया है। अगर ये वायदे क्रियान्वयन के समय अनेक सापेक्षताओं के कारण पूरी तरह पूरे नहीं किये जाते हैं तो कदाचित ये ग्रामीण सहकारी ऋण व्यवस्था के अंत को चिन्हित करेगा जिसका सौ वर्षो का एक स्वर्णिम इतिहास रहा है और जो साधारण किसानों के लिये ऋण का एकमात्र प्रमुख विश्वसनीय संसाधन अभी भी है।

V. 2018-19 के दौरान फेडरेशन

कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकिंग के इतिहास में महत्वपूर्ण घटना 1960 में राष्ट्रीय सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक्स फेडरेशन लि. (एनसीएआरडीबीएफ) की स्थापना रही है। अपने स्थापना काल से ही फेडरेशन इस क्षेत्र के विकास के लिये महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है। इसने एक प्रभावी समन्वय स्थापित किया है तथा सदस्य बैंक के मध्य आपसी समझ को बढाया है तथा केन्द्र और राज्य सरकारों, नाबार्ड तथा एससीएआरडी बैंकों को वित्त पोषण करने वाली संस्थाओं से निकट सम्बन्ध विकसित किये हैं।

फेडरेशन की अन्य गतिविधियों में - संगोष्ठियों एवं कार्यशालाओं का आयोजन, अनुसंधान अध्ययन कराना तथा अपने नियोजन अनुसंधान एवं विकास (पीआरडी) प्रकोष्ठ के माध्यम से योजना एवं कार्यक्रमों का निर्माण, सदस्य बैंकों के क्रिया कलापों सम्बन्धी आंकड़ों का संकलन एवं प्रकाशन, अध्ययन दलों का प्रायोजन, ऋण पत्रों के निवेश में सहसमन्वय स्थापित करना, विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन, प्रचार कार्य, संचालन एवं प्रशासन से सम्बन्धित मामलों में मार्गदर्शन एवं सलाह देना। विगत 55 वर्षो से फेडरेशन द्वारा प्रकाशित कराये जा रहे त्रैमासिक लैण्ड बैंक जरनल ने विशेष ख्याति अर्जित की है। फेडरेशन अपने सदस्य बैंकों को नये उत्पादों अभिकल्पना के द्वारा व्यवसाय विकास और विस्तार में भी सहायता प्रदान करता है।

पुर्नपूँजीकरण एवं सुधार, स्व-प्रेरित सुधारों की पहल के लिए एससीएआरडी बैंकों का मार्गदर्शन तथा संसाधनो के संग्रहण के लिये में सदस्य बैंकों का मार्गदर्शन एवं सहयोग, वसूली एवं अनर्जक परिसम्पत्तियों का प्रबन्धन तथा व्यवसाय संवर्धन एवं विविधीकरण

सहित पुनरुद्धार पैकेज के क्रियान्वयन के लिए सरकार से पैरवी, फेडरेशन की गतिविधियों के महत्ववाले क्षेत्र वर्ष के दौरान भी बने रहे।

पैरवी करना

एआरडी बैंकों के लिए पुनरुद्धार पैकेज

कुछ वर्षो से पुनरुद्धार पैकेज की निरन्तर मांग करते रहना फेडरेशन का केन्द्र सरकार से पैरवी का प्रमुख केन्द्र बिन्दु बना हुआ है। दीर्घकालीन सहकारी साख संरचना के लिए पुनरुद्धार पैकेज दिए जाने की संस्तुति वैद्यनाथन टास्क फोर्स द्वारा 2006 में की गई थी तथा भारत सरकार ने 2008-09 के केन्द्रीय बजट में इसके क्रियान्वयन की घोषणा की थी। तदनन्तर केन्द्रीय बजट 2009 द्वारा पुनरुद्धार योजना का अनुमोदन भी कर दिया गया था जो उस समय ही कदाचित 2009 के लोकसभा चुनाव की घोषणा हो जाने के परिचालित नहीं किया जा सका था जो उसके तुरन्त बाद अधिसूचित हुआ। चुनाव के बाद वित्त मंत्रालय ने ऋण माफी योजना के क्रियान्वयन तथा 2008 की ऋण माफी योजना के परिप्रेक्ष्य मे पुनरुद्धार योजना की समीक्षा करने हेतु तत्कालीन अपर सचिव (वित्त) श्री चतुर्वेदी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन कर दिया। चतुर्वेदी कमेटी ने दीर्घकालीन सहकारी साख संरचना के लिए पुनरुद्धार योजना के क्रियान्वयन की संस्तुति कुछ मामूली संशोधनों के साथ अपनी आख्या फरवरी 2010 को सौंपी। तथापि, उसके बाद से उसके क्रियान्वयन हेतु अभी तक कोई अग्रिम कार्यवाही नहीं की गई है। फेडरेशन समय समय पर इस मामले को सरकार में प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री सहित अनेक अधिकारियों के समक्ष भी उठाता रहा है। इस विषय पर फेडरेशन ने माननीय सांसदों की एक बैठक भी आयोजित की। फेडरेशन ने इस वर्ष के केन्द्रीय बजट के अवसर पर कृषि क्षेत्र में पूँजी निर्माण को बढ़ावा देने तथा सदस्य किसानों द्वारा ऋण के संकट का सामना करने के लिए दीर्घकालीन सहकारी साख संरचना की संस्थाओं के पुनरुद्धार की आवश्यकता का उल्लेख करते हुए इस मामले में एक नया ज्ञापन माननीय प्रधानमंत्री को दिया है।

पैकेज के क्रियान्वयन में विलम्ब ने एआरडी बैंकों की वित्तीय कमजोरियों को और अधिक विकृत कर दिया है तथा उनकी लगभग 98 लाख कृषक सदस्यों (31.03.2017 को एआरडी बैंकों के सदस्यों के बकाया ऋण) जो कुल मिलाकर किसी दूसरी संस्था से ऋण प्राप्त कर पाने में असमर्थ हैं क्योंकि उनकी कृषियोग्य भूमि एआरडी बैंकों के पास पहले से ही बन्धक है, की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता को भारी मात्रा में कम कर दिया है। उनके द्धारा सामना किए जा रहे ऋण के संकट के निवारण का एकमात्र उपाय प्रस्तावित पुनरुद्धार पैकेज का क्रियान्वयन है। यदि पुनरुद्धार किया गया तो वर्तमान में प्रमुख राज्यों में कार्यरत 2600 बैंक शाखाओं के नेटवर्क की वर्तमान ऋण वितरण क्षमता जो लगभग रु.5000 करोड़ है, को इतने कम समय में भी कम से कम 5 गुना बढ़ाया जा सकता है।

इस प्रकार निरन्तर प्रतिनिधत्व एवं प्रतिनिधायन से पुनरुद्धार पैकेज के प्रस्ताव को जीवन्त बनाये रखा गया है और फेडरेशन को राजनैतिक स्तर पर इसके अनुकूल निर्णय की आशा है।

एआरडी बैंकों का बैंको के रूप में पुनर्गठन

राज्य सरकारों और नाबार्ड दीर्घकालीन सहकारी साख समितियों (एलटीसीसीएस) की संस्थाओं एवं हित धारकों के मध्य आम धारणा है कि एआरडी बैंकों को, उन्हें अपने सदस्यों की ऋण की आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमतायुक्त बनाने के लिये संसाधन आधारित पर्याप्तरूप से नियमित बैंकों के रूप में परिवर्तित कर दी जानी चाहिये तथा ग्रामीण साख संचालन व्यवस्था में इनकी प्रासंगिकता को पुनर्स्थापित कर दिया जाना चाहिये। एआरडी बैंकों को पूर्णरूप से बैंकिंग संस्थान के रूप में परिवर्तित किया जाना, कपूर समिति, जिन्होने अपना प्रतिवेदन 1999 में प्रस्तुत किया, की सबसे प्रमुख सिफारिश थी। कपूर समिति की सिफारिश के आधार पर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने मई 2002 में एआरडी बैंकों के पूर्णरूप से बैंक में परिवर्तित किये जाने के मापदण्ड निर्धारित करने हेतु एक कार्यदल का गठन किया था। तथापि, कुछ बैठकों के उपरान्त, यह कि उनकी वित्तीय स्थिति तथा कार्य निष्पादन शैली को देखते हुए एआरडी बैंकों को पूर्णरूप से बैंक में परिवर्तित किये जाने का समय नहीं आया है, से सम्बधित उनकी आख्या आने से पहले ही कार्यदल भंग कर दिया गया।

बाद में वैद्यानाथन कार्यदल-।। ने भी अपनी रिर्पोट में सिफारिश की, कि यदि निर्धारित तिथि तक अथवा भविष्य में संरचना की कोई संस्था

बैंकिंग लाइसेन्स पाने के लिये निर्धारित शर्तो को पूरा करती है, बैंकिंग नियामक उसे उसकी योग्यता के आधार पर विचार कर सकता है। लेकिन बैंकिंग नियामक ने एआरडी बैकों द्वारा बैंकिंग लाइसेन्स प्राप्त कराने के लिये आवश्यक शर्ते अभी तक निर्धारित नहीं की हैं।

एआरडी बैंको को लाइसेन्स दिये जाने में दूसरी समस्या इसके अपने संरचनात्मक स्वरूप में है। बैंकिग नियामक अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार केवल राज्य सहकारी बैंक अथवा प्राथमिक सहकारी बैंक बैंकिग लाइसेंस प्राप्त करने के पात्र हैं। एक राज्य सहकारी बैंक तथा एक जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक को क्रमश: राज्य और जनपद की प्रमुख सहकारी समिति के रूप में परिभाषित किया गया है। चूंकि किसी भी एससीएआरडी बैंक अथवा पीसीएआरडी बैंक को किसी भी राज्य अथवा जनपद हेतु प्रमुख सहकारी समिति के रूप में राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित नहीं किया गया है, ये राज्य सहकरी बैंक अथवा जिला केद्रिंय सहकारी बैंक की श्रेणी का बैंकिंग लाइसेंस के लिये पात्र नहीं हैं। यद्यपि बैंकिंग नियामक के विद्यमान प्राविधान के अन्तर्गत, एआरडी बैंकों को अभी भी प्राथमिक सहकारी बैंक के रूप में लाइसेन्स दिया जा सकता है। एकात्मक एससीएआरडी बैंक बिना किसी संरचनात्मक फेर बदल के प्राथमिक सहकारी बैंक का लाइसेंस प्राप्त करनें के योग्य हैं और संघीय एससीएआरडी बैकों के मध्य, यदि बैंकिंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिये आवश्यक हुआ तो उनमें एकात्मक संरचना को अंगीकार कर लेने के प्रति आम सहमति है।

फेडरेशन द्वारा इस मुद्दे पर किये गए प्रतिनिधित्व के प्रतिउत्तर में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने अभी हाल ही में सूचित किया है कि एआरडी बैंको को पूर्णकालिक बैंक बनाये जाने के लाइसेंस दिये जाने के लिए मानदण्ड निर्धारित करने हेतु दिये गये सुझाव विचाराधीन है।

फसली ऋण अनुदान योजना

फसल ऋण क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार की ब्याज अनुदान योजना वर्तमान में एआरडी बैंकों से फसल ऋण सुविधा प्राप्त करने वाले किसानों पर लागू नहीं की गई है। फेडरेशन वित्त मंत्रालय से फसल ऋण पर दिये जा रहें ब्याज अनुदान योजना की सूची में एससीएआरडी बैंकों को सम्मिलित कर उसके क्रियान्वित कराने हेतु निरन्तर इस मुद्दे पर विचार करने के लिये प्रयासरत है। दूसरा विकल्प फसल ऋण पुनर्वित्त को एससीएआरडी बैंकों को एससी बैंकों के माध्यम से फसल ऋण की सीमा तक एससीएआरडी बैंकों को स्वीकृत विशिष्ट अतिरिक्त आवंटन उपलब्ध करा कर प्रवाहित कराना है। नाबार्ड के अध्यक्ष ने फेडरेशन के प्रतिनिधियों के साथ दिनांक 6 मार्च 2019 को सम्पन्न बैठक में सूचित किया कि इस प्रस्ताव के क्रियान्वयन पर बहुत तेजीसे विचार किया जा रहा है कि अगर इसे लागू किया गया तो एससीएआरडी बैंकों को अन्य बैंकों द्वारा दी जा रही ब्याज दर पर उसके अपने दीर्घकालीन ऋणी सदस्यों को फसल ऋण प्रदान कराने में बहुत सहायक होगा।

कृषि के लिये निवेश ऋण की लागत में सहायता

फेडरेशन ने सरकार को फसली ऋण के अनुरूप ही कृषि में पूँजी निर्माण के हेतु दीर्घकालीन ऋणों की लागत कम करने के लिए कृषि के लिए निवेश ऋण पर ब्याज अनुदान योजना लागू करने का प्रस्ताव भेजा है।

सुधार की पहल

सुधार की पहल हेतु कोरग्रुप (सीजीआरआई)

एससीएआरडी बैंकों द्वारा गठित सुधार की पहल हेतु कोरग्रुप (सीजीआरआई) की नियमित बैठके अधिकांश बैंकों में सम्पन्न हो रही हैं। सीजीआरआई बुनियादी स्तर पर स्व-प्रेरित सुधारों को मजबूत करने पर ध्यान दे रहा है। सीजीआरआई संसाधन जुटाने तथा नये उत्पादों को लाने, महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान तथा एससीएआरडी बैंकों की श्रेणी सुधार हेतु सुधारात्मक कार्यवाही अनेक स्तरों पर प्राधिकार एवं जवाबदेही के साथ साथ एनपीए प्रबन्धन एवं वसूली कार्यात्मक क्षेत्रों की सुसंगत नीतियों एवं अच्छी तरह से प्रलेखित प्रक्रिया विकसित करने की दृष्टि से नियमावली निर्माण सहित संसाधन जुटाने के नये मार्गो के प्रभाव की भी समीक्षा कर रहा है।

2018-19 के दौरान सीजीआरआई बैंठकों का केन्द्र बिन्दु एससीएआरडी बैंकों द्वारा संसाधन वृद्धि पर जोर देने, व्यापार विस्तार, एनपीए प्रबन्धन तथा कम्प्यूटीकरण के साथ विशेष पुनरुद्धार की योजनाओं की तैयारी और उनका क्रियान्वयन था।

एससीएआरडी बैंकों को नीतिगत संबल बढ़ाने के लिए राज्य सरकारों के साथ अनुवर्तन

2012 तथा 2014 में फेडरेशन द्वारा आयोजित कराए गये सहकारिता के प्रमुख सचिवों और निबन्धक सहकारी समितियों के दो सम्मेलनों में एआरडी बैंकों की विधिक एवं नीतिगत वातावरण को सुधारने तथा अपनी सामान्य कार्यप्रणाली में सुधार लाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण संस्तुतियां की गई। सरकार की गारण्टी दिये जाने में एससीएआरडी बैंकों को प्राथमिकता के साथ साथ प्रक्रिया को सरलीकृत किया जाना, इसके अलावा गारण्टी शुल्क में छूट अथवा छूट दिये जाने की सम्भावना न होने पर इस शुल्क को न्यूनतम रखना, नाबार्ड द्वारा प्रदत्त पुर्नवित्त की कमी को पूरा करने हेतु भारत सरकार के साथ समान योगदान के लिए पर्याप्त बजट आवंटन कराना, स्टाम्प ड्यूटी तथा पंजीकरण शुल्क माफ कराना-जो अभी कुछ राज्यों द्वारा किया जाना है, ऋण प्रलेख प्रणाली की शुरुआत जिसे बैंक द्वारा निष्पादित करने तथा उन्हें सीधे ही बिना कृषक को शामिल किये बैंक द्वारा ही सब रजिस्ट्रार को भेजना - इसे अभी कुछ राज्यों द्वारा शुरू किया जाना है, हठी बकायेदारों के परिप्रेक्ष्य में वसूली विधिक उपायों में प्रतिरोधों को दूर करना, बैंक अधिकारियों में भूमि विक्रय के अधिकार की शक्तियां निहित करना जिसका क्रियान्वयन अभी कुछ राज्यों द्वारा अभी तक नहीं किया गया है, कुछ राज्यों द्वारा जहां अभी यह लागू नहीं किया गया है, एआरडी बैंकों को निक्षेप जमा स्वीकार करने की अनुमति दिलाया जाना एआरडी बैंक/राज्य सहकारी समिति अधिनियम में संशोधन करते हुए एआरडीबैंकों को अल्पकालीन ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये सक्षम बनाना, अनुमोदित स्टाफ पैटर्न पर कर्मियों की भर्ती के लिए सरकार के पृथक अनुमोदन दिए जाने की प्रथा को समाप्त कराना आदि राज्य सरकार से सम्बन्धित कुछ महत्वपूर्ण सस्तुतियां उपरोक्त सम्मेलन में की गई। महासंघ लगातार राज्य सरकारों के साथ इन सिफारिशों का पालन कर रहा है ।

दीर्घकालिक ऋणी सदस्यों की अल्पकालिक ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये पूरक ऋण सीमा स्वीकृत किये जाने की योजना

निवेश ऋण को पूरा करने के लिये और अधिक वित्तीय सहयोग का अभाव कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों की कार्यप्रणाली का बहुत बड़ा दोष है। कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक साधारणतया अपने सदस्यों को केवल दीर्घकालीन ऋण प्रदान कराते हैं तथा उन्हें अल्पकालीन आवश्यकताओं के प्रति अलभ्य रख कर उन्हें ऊंची ब्याज दरों पर ऋण के अनौपचारिक स्त्रोंतों पर निर्भर बना रहने देते हैं। अल्पकालीन ऋणों की अपर्याप्त उपलब्धता से कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों द्वारा वित्तपोषित दीर्घकालीन परिसम्पत्तियों का उप-इष्टतम उपयोग होता है जिससे ऋणी सदस्य की आय तथा पुर्नभुगतान क्षमता प्रभावित होती है। इसके अतिरिक्त, अनौपचारिक ऋण की ऊंची लागत सदस्य द्वारा बैंक से लिये गये ऋण के पुर्नभुगतान करने की क्षमता को कम कर देता हैं। समय से ऋण के भुगतान के लिये ऋणी सदस्य का बैंक के साथ लगातार सम्पर्क बनाये रखना बहुत आवश्यक हैं, जो निवेश ऋण निर्गमन के उपरान्त आगे ऋण का सहयोग न मिल पाने के कारण भी सम्भव नहीं है। पूरक ऋण की सीमा निर्धारित करना जिसे दीर्घकालीन ऋणी सदस्य को चक्रीय नगद ऋण की तरह संचालित किया जा सकता है, अल्पकालिक आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ ऋणी सदस्यों से बढ़े सम्पर्क के कारण वसूली में सुधार तथा ऋणी सदस्य की ऋण के लिये अनौपचारिक स्त्रोतों पर निर्भरता में कमी दोनों उद्देश्यों की पूर्ति होगी। योजना के मुख्य पहलू निम्नवत हैं:-

- ❏ सबसे पहले, एससीएआरडी बैंकों को वित्तपोषण के लिए धन की आवश्यकता का आंकलन करना चाहिये तथा (सावधि) जमा एनसीडीसी से ऋण, अल्पकालीन साख संरचना, वाणिज्यिक बैंको आदि से अपेक्षित धन के संग्रहण की व्यवस्था करना चाहिये।
- ❏ धन की उपलब्धता, ऋण सीमा पर निर्भरता को सदस्य पर स्वीकृत निवेश ऋण की प्रतिशतता के अनुसार निर्धारित किया जा सकता हैं।
- ❏ नए दीर्घकालीन ऋणों के सम्बन्ध में, ऋण सीमा एक अनिवार्य अतिरिक्त घटक होना चाहिए। विद्यमान ऋणों के मामलों में यदि ऋण गैर अतिदेय है तो ऋण सीमा स्वीकृत की जानी चाहिए।
- ❏ ऋण सीमा की मात्रा का निर्धारण आवश्यकता, पुनर्भुगतान क्षमता, सुरक्षा तथा धन की उपलब्धता के आधार पर होना चाहिए जिस का निर्धारित उद्देश्य के लिये उपयोग किया जा सकता है।
- ❏ ऋण सीमा दीर्घ कालीन ऋण दी जा रही सुरक्षा के अविशिष्ट

बाजार मूल्य पर स्वीकृति की जा सकती है।

- ऋण सीमा का संचालन तिमाही ब्याज के भुगतान तथा अदत्त मूलधन के पुर्नभुगतान के समय सीमा समाप्ति पर ऋणी सदस्य द्वारा चक्रीय नगद ऋण की भांति संचालित किया जा सकता है।
- ऋण सीमा, जो एक वर्ष के लिये स्वीकृत की जाय, उसे अन्य ऋणों के समय पर भुगतान किए जाने के साथ सहित निर्धारित नियम और शर्तो को पूरा करने की दशा में ही उसे आगामी वर्षो में नवीनीकृत किया जाय।
- ऋण सीमा पर ब्याज त्रैमासिक आधार पर वास्तविक आहरण के आधार पर प्रभारित किया जाता है।
- एससीएआरडी बैंको तथा पीसीएआरडी बैंकों दोनों के लिये, ऋण सीमा से आहरण पर ब्याजदर का निर्धारण, लेन-देन कार्य और जोखिम लागत को पूरा करने के लिये कोषों की लागत में उचित मार्जिन को जोड़ कर निर्धारित की जाय।

ग्रामीण ऋण में एआरडी बैंकों का अंशदान बढाने हेतु कार्य दल

पृष्ठभूमि

90 के दशक के मध्य से एआरडी बैंकों की संरचना में बाजार के हिस्सेदारी में भारी गिरावट हो रही हैं। इसके निम्नांकित कारण हैं:-

शासन द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों, ऋण माफी के साथ 90 दशक के मध्य से चल रही विनियमित ब्याज दर प्रणाली के अंतर्गत अपर्याप्त मार्जिन से हुई हानियों के कारण वित्तीय कमज़ोरियां।

गैर स्त्रोत आधारित केवल एक वस्तु के ऋण प्रदाता की अपनी मौलिक स्वरूप की संरचना में ही बने रहना जो पूर्ण बैंकिंग संस्थानों की बहु-एजेन्सी, बहु-उत्पाद ग्रामीण ऋण प्रणाली के वर्चस्व के कारण अपनी अपनी महत्ता खो चुका है।

पुर्नवित्त के लिये निरन्तर नाबार्ड पर निर्भरता तथा कोषों को विविधीकृत कर पाने में असफल।

वर्ष 2000 के प्रारम्भ से बाहरी और आंतरिक कारकों के कारण बकाये के स्तर और अनर्जक परिसम्पत्तियों में तीव्र वृद्धि।

शासकीय गारण्टी तथा/अथवा अन्य शर्तो को पूरा न कर पाने की स्थिति में नाबार्ड द्वारा पुर्नवित्त पोषण रोक दिये जाने के कारण निम्नांकित राज्यों की एससीएआरडी बैंकों द्वारा ऋण वितरण कार्य स्थगित किया जाना :- असम, बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पाण्डिचेरी, त्रिपुरा, व जम्मू एवं कश्मीर।

ऋण वितरण के संसाधनों की कमी तथा सीमित अवसरों के कारण जो एससीएआरडी बैंक नाबार्ड से पुर्नवित्त प्राप्त करते रहे वे भी बाजार की संवृद्धि के समरूप ऋण विस्तार बनाये नहीं रख सके।

मानव संसाधन तथा प्रौद्यौगिकी अंगीकरण में न्यूनता ने भी इस क्षेत्र के विकास को अवरुद्ध किया।

यह भी पाया गया कि भूमि आधारित निवेश जैसे कि लघु सिंचाई और कृषि यंत्रीकरण जो एआरडी बैंकों द्वारा पोषित निवेश ऋण का बहुत बड़ा हिस्सा रहा, अपने परिपूर्णता के स्तर पहुंच चुका है। इसके साथ ही, एआरडी बैंक सामान्य तौर पर ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे उभरते विकास क्षेत्रों विभेदीकरण नहीं कर पाये जो सामान्यरूप से पूँजी और प्रौद्योगिकी सम्पन्न हैं।

एआरडी बैंक ऐसी योजनाओं के वित्तपोषण के लिये अपेक्षित ऋण प्रबन्धन क्षमता भी विकसित नहीं कर पाये।

सही अर्थो में इसका मंतव्य यह है कि एआरडी बैंकों को भविष्य में प्रत्येक चार वर्षों में अपने ऋण वितरण को दोगुना करने की आवश्यकता है। इसके लिये स्त्रोतों , अपने नियंत्रण में नेटवर्क और प्रौद्योगिकी सहित मुलभूत संरचना की क्षमताओं के सार्थक प्रवर्धन की आवश्यकता है।

2013 से एआरडी बैंकों ने, विशेषरूप से संसाधनों को बढाने तथा व्यवसाय विविधकरण के लिये अवसरों का विस्तार हेतु आंतरिक सुधारों की प्रक्रिया प्रारम्भ की है। फिर भी अधिकांश राज्यों में वार्षिक ऋण वितरण तथा बाजार अंशदान में अभी भी अभाव की स्थिति है, में संतोषजनक वृद्धि के लिये एक बड़े समर्थन की आवश्यकता है। डा. हर्श कुमार भांनवाला ने अभी हाल ही में फेडरेशन के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में अपने सम्बोधन में ग्रामीण ऋण में एआरडी बैंकों के लिये उनके बाजार के अंशदान को बढ़ाने के लिये रूपरेखा तैयार करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला तथा उसके लिये फेडरेशन द्वारा एक कार्यदल के विधान का सुझाव दिया।

इस पृष्ठभूमि पर, जैसा कि फेडरेशन की प्रबन्धकारिणी समिति ने

अपनी बैठक दिनांक 21 जुलाई 2017 में फेडरेशन की बैठक में निर्णय लिया गया, फेडरेशन के अध्यक्ष ने कृषि के लिये निवेश ऋण पर संकेन्द्रित ग्रामीण साख में एससीएआरडी बैंकों के अंशदान को बढ़ाने के लिये श्री वाई सी नन्दा, भूतपूर्व चेयरमैन नाबार्ड, की अध्यक्षता, श्री डी. एन. ठाकुर, उपप्रबन्ध निदेषक एनसीडीसी की सह अध्यक्षता, तथा निम्नांकित गणमान्य व्यक्तियों की सदस्यता में एक कार्यदल का गठन किया:-

1. श्री अजीतकुमार सिंह, सहायक महाप्रबन्धक(आईडीडी) नाबार्ड, (नाबार्ड द्वारा नामितद्ध)
2. श्री दलीप सिंह यादव, उपाध्यक्ष, एनसीएआरडीबीएफ
3. श्री के. रविन्द्र राव, अध्यक्ष तेलंगाना एससीएबी
4. श्री क. शदाक्षरी, भूतपूर्व एमएलए, कर्नाटक एससीएआरडीबी
5. श्री सालोमन एलेक्स, अध्यक्ष, केरल एससीएआरडीबी
6. श्री बी. शाहुल अमीद, अध्यक्ष, तमिलनाडु सीएसएआरडीबी
7. श्री डी.बी. चौधरी, अध्यक्ष, गुजरात एससीएआरडीबी
8. श्री एच. एस. सिद्धू प्रबन्ध निदेषक, पंजाब एससीएडीबी
9. श्री धनेश अदलखा, अध्यक्ष, हरियाणा एससीएआरडीबी
10. श्री विजय कुमार शर्मा, प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान आरएसबीवीबी
11. श्री पंडित शिवलाल, अध्यक्ष, हिमांचल प्रदेश एससीएआरडीबी
12. श्री के. पी. सिंह, प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश एसजीवीबी
13. श्री वी.आई. गणेशन, वरिष्ठ सलाहकार, एनसीएआरडीबीएफ- सदस्य सचिव
14. श्री के. के.रविन्द्रन, प्रबन्ध निदेशक, एनसीएआरडीबीएफ- संयोजक

कार्यदल ने अपनी रिपोर्ट दिनाक 1 नवम्बर 2018 को प्रस्तुत की। कार्यदल की मुख्य सिफारिशें अगले भाग में दी गई है।

एआरडी बैंकों में मानव संसाधन नीतियों पर कार्यदल

कई राज्यों के एआरडी बैंकों में मानव संसाधन परिदृश्य गुणवत्ता व परिमाण में गम्भीर कमियों से ग्रस्त पाया गया। नियमित आधार पर नियुक्तियां विगत कई वर्षो से नहीं हुई हैं परिणामस्वरूप कर्मचारियों की बढ़ी आयु, प्रतिभा का क्षरण, परिलक्षित हुआ है, रचनात्मकता तथा कल्पनाशक्ति संगठनात्मक उद्देश्य की पूर्ति के साथ व्यापार विकास तथा बाजार हिस्सेदारी बनाये रखने के लिये विशिष्ट दक्षतायें हैं। विद्यमान कर्मचारियों की कार्यक्षमता निर्माण तथा नये कर्मचारियों का आगमन इस क्षेत्र में चल रहे व्यवसाय के विविधीकरण एवं विस्तार के साथ साथ बाजार की हिस्सेदारी बढ़ानें के लिये महत्वपूर्ण हैं। इस संदर्भ में एससीएआरडी बैंकों द्वारा अपने व्यवसायिक विकास योजना को आगे बढ़ाने के लिये तथा उचित संख्या और गुणवत्ता के अनेक स्तर के कर्मचारियों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिये मानव संसाधन प्रबन्धन के विभिन्न पहलुओं पर मानदण्डों एवं प्रक्रियाओं की उपयुक्त नीतियों पर विचार करने की आवश्यकता है।

इस पृष्ठभूमि पर, फेडरेशन के प्रबन्धक मण्डल की दिनांक 21 जुलाई 2017 की बैठक में अध्यक्ष महोदय को एआरडी बैंकों में मानव संसाधन नीतियों पर एक कार्यदल गठित करने के लिये अधिकृत किया। तदनुसार फेडरेशन के अध्यक्ष श्री के शिवदासन नायर, फेडरेशन के उपाध्यक्ष की अध्यक्षता एवं श्री एन सत्यनारायण, एनसीयूआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की सह अध्यक्षता एवं निम्नांकित व्यक्तियों की सदस्यता में मानव संसाधन की नीतियों पर कार्यदल के गठन किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हैं:-

1. श्री भगवती प्रसाद, उपाध्यक्ष सहकारी आवास निर्माण एवं वित्त निगम लि.
2. श्री बी. एच. जडेजा, उपाध्यक्ष, एनसीएआरडीबीएफ
3. श्री ई. देवदासन, आई ए. एस, प्रबन्ध निदेशक, केरल एससीएआरडीबी
4. श्री ए. सी. दिवाकर, प्रबन्ध निदेशक, कर्नाटक एससीएआरडीबी
5. डा. एन. विल्वशेखरन, प्रबन्ध निदेशक, तमिलनाडु सीएसएआरडीबी
6. श्री वी.एम.चौधरी, महा प्रबन्धक, गुजरात एससीएआरडीबी
7. श्री नरेश गोयल, प्रबन्ध निदेशक, हरियाणा एससीएआरडीबी
8. श्री वाई.पी.एस. वर्मा, प्रबन्ध निदेशक, हिमाचंल प्रदेश एससीएआरडीबी
9. श्री एच.एस. सिद्धू, प्रबन्ध निदेशक, पंजाब एससीएडीबी
10. श्री विजय कुमार शर्मा, प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान आरएसबीवीबी

11. डा. नेति मुरलीधर, प्रबन्ध निदेशक, तेलंगाना एससीएबी
12. श्री वी. आई. गणेशन, वरिष्ठ सलाहकार, एनसीएआरडीबीएफ- सदस्य सचिव
13. श्री के. के. रविन्द्रन, प्रबन्ध निदेशक, एनसीएआरडीबीएफ- संयोजक

कार्यदल ने अपनी पहली बैठक में सदस्य बैंकों से सूचनायें प्राप्त करने के लिये निम्नांकित संदर्भ एवं प्रश्नावली को अंतिम रूप दिया :-

- ❑ एससीएआरडी बैंकों की वर्तमान मानव संसाधन नीतियों की समीक्षा तथा मानव संसाधन प्रबन्धन के विभिन्न पहलुओं की एक नीतिगत-नमूना आलेख का सुझाव जैसे कि नियुक्तियां, अधिष्ठापन, कार्य-निष्पादन मूल्यांकन, स्थानान्तरण, पदोन्नति, प्रशिक्षण, सुविधायें,अवकाश,कार्य स्थितियां परिवेदना निवारण,सतर्कता प्रकोष्ठ, कार्यस्थल पर उत्पीड़न की रोकथाम, अनुशासनिक कार्यवाही इत्यादि सहित प्रतिफल पैकेज।
- ❑ एआरडी बैंकों का वर्तमान स्टाफ पैटर्न तथा व्यवसाय की मात्रा के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में स्टाफ की आवश्यकता का वास्तविक आंकलन तैयार करना तथा उनके लिये न्यूनतम योग्यता व अनुभव की संस्तुति करना।
- ❑ व्यवसाय की मात्रा के अनुरूप एससीएआरडी बैंकों एवं पीसीएआरडी बैंकों का वर्गीकरण करना तथा व्यवसायिक माडल पर आधारित उपयुक्त स्टार्फिंग पैटर्न के लिये सुझाव देना।
- ❑ दूसरे क्रम के प्रबन्धन को जमा संग्रहण,वित्त,जोखिम प्रबन्धन, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी इत्यादि सहित व्यवसाय संचालन के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दक्षता के साथ शक्तिशाली बनाने के लिये मुलभुत कर्मचारियों की आवश्यकता का आंकलन करना।
- ❑ विभागीकरण-प्रधान कार्यालय के विभागों कार्यात्मक एवं भौगोलिक कर्मचारीकरण तथा क्षेत्रीय/जनपदीय कार्यालयों में कार्य विभाजन तथा शक्तियों का प्रत्यायोजन।
- ❑ बाहरी स्त्रोत से ली जाने वाली सेवाओं वाले कार्य के लिये क्षेत्रों का चिन्हीकरण।
- ❑ सामान्य संवर्ग की आवश्यकता/व्यवहार्यता पर विचार करना तथा एससीएआरडी बैंको/पीसीएआरडी बैंकों के लिए अपेक्षित संवर्ग को चिन्हांकित करना।
- ❑ प्रबन्धकीय संवर्ग के पदों को भरे जाने की पद्धति के साथ नियुक्ति की विद्यमान प्रणाली का अध्ययन करना तथा सही मात्रा व योग्यता के कर्मियों बनाये रखने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये अपेक्षित संशोधनों के लिये सुझाव देना।
- ❑ आंतरिक प्रशिक्षण, आत्म प्रशिक्षण के लिये प्रोत्साहन सहित प्रशिक्षण की व्यवस्था की समीक्षा।

कार्यदल ने आंकड़ों के जमासंग्रह और संकलन के कार्य को पूरा कर लिया है तथा अब आधार सामग्री तैयार करने की प्रक्रिया के अन्तर्गत है।

एआरडी बैंकों की कार्यात्मक नवीनीकरण हेतु संगोष्ठियां

2018-19 के दौरान फेडरेशन ने राष्ट्रीय ग्रामीण बैंकिंग संस्थान, बैंगलोर के सहयोग से कार्यात्मक पुन: संरचना पर दो संगोष्ठियों का आयोजन किया। अधिकांश राज्यों में एआरडी बैंकों का आज भी एक मात्र व्यवसाय दीर्घकालीन ऋण वितरण ही है। एआरडी बैंकों के ऋणी सदस्यों द्वारा कार्यशील पूँजी/ उत्पादन ऋण की व्यवस्था किन्ही अन्य औपचारिक स्त्रोतों से कर पाना, मुख्यरूप से तब, जब कि उनकी भूमि दीर्घकालीन ऋण के लिये बन्धक है, एक बहुत बड़ी चुनौती है। यातो उन्हें स्वयं को ऋण देने वाले अनौपचारिक स्त्रोतों के शोषण के अधीन करना होगा अथवा अपनी कृषि /अकृषि सम्बन्धी गतिविधियों को अपने पास उपलब्ध अल्प- कोष की परिधि में प्रतिबन्धित करना होगा। प्राय: इसका परिणाम दीर्घकालीन ऋणों से सृजित सम्पत्तियों के उप-इष्टतम उपयोग के फलस्वरूप अपर्याप्त आय सृजन तथा ऋण भुगतान में समस्याओं के रूप में परिलक्षित होता है। यद्यपि एआरडी बैंकों को अल्पकालीन ऋण उत्पाद के लिये सक्षम बनाने के लिये अधिनियमों में परिवर्तन किया गया है, फिर भी अभी भी अधिकांश राज्यों में परिचालित किया जाना है। बैंकों को अल्पकालीन ऋण उत्पाद के लिये जमा के माध्यम से अपने संसाधनों को जुटाने की आवश्यकता है। उक्त पृष्ठभूमि पर, फेडरेशन एआरडी बैंकों के कार्यात्मक पुन:संरचना पर एससीएआरडी बैंकों और पीसीएआरडी बैंकों के मध्य स्तरीय अधिकारियों के लिये कार्यात्मक पुन:संरचना के हिस्से के रूप में कार्यो के नये क्षेत्र में संगोष्ठियों का

आयोजन करा रहा है। वर्ष के दौरान पहला कार्यक्रम 9 से 11 अक्टूबर 2018 में विभिन्न राज्यों के एससीएआरडी बैंकों के 20 अधिकारियों के साथ आयोजित किया गया तथा दूसरी संगोष्ठी का आयोजन अनेक राज्यों के विशेष रूप से पीसीएआरडी बैंकों के मुख्य अधिकरियों एवं शाखा प्रबन्धकों के लिये 22 से 24 नबम्बर 2018 को किया गया जिसमें 5 राज्यों से 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया। 9 से 11 अक्टूबर 2018 को सम्पन्न संगोष्ठी का उद्घाटन श्री के शिवदासन नायर, अध्यक्ष, एनसीएआरडीबी फेडरेशन तथा दूसरी संगोष्ठी का उदघाटन श्री पी.वी. प्रभु सेवानिवृत्त प्रबन्ध निदेशक, एनसीएआरडीबीएफ, वर्तमान ट्रस्टी सचिव, एनआईआरबी ने किया। संगोष्ठी के संसाधन व्यक्ति श्री के. के. रविन्द्रन, प्रबन्धन निदेशक तथा फेडरेशन के श्री वी. आई. गणेशन के साथ साथ एनआईआरबी के संकाय सदस्य श्री आर वेंकटस्वामी निदेशक एवं श्री शिवन्ना वरिष्ठ सलाहकार थे। सहभागियों नें इस संगोष्ठी को बहुत उपयोगी बताया तथा एआरडी बैंकों के प्रमुख कार्यकर्ताओं के विभिन्न स्तरों के लिये इसप्रकार के आयोजन किये जाने के सुझाव दिये।

एससीबी की समूह अवधारणा पर आधारित एससीएआरडी बैंकों/एससीबी सदस्य, द्वारा कृशि मूल्य श्रृंखला वित्त पोषण हेतु पथ प्रदर्षक परियोजना।

फेडरेशन के प्रबन्धन मण्डल ने दिनांक 20 दिसम्बर 2017 को बैंगलोर में सम्पन्न बैठक में एससीएआरडी बैंकों और एससीबी सदस्य, समूह अवधारणा पर आधारित एससीएआरडी बैंका द्वारा कृषि मूल्य श्रृंखला वित्त पोषण हेतु पथप्रदर्शक परियोजना का अनुमोदन किया। यह निर्णय लिया गया कि, सभी सदस्य बैंक जो नाबार्ड से पुर्नवित्त प्राप्त करने के पात्र हैं, सम्बन्धित राज्यों में बैंक द्वारा फसल /गतिविध के लिये चिन्हित, उन्हें एक या एक से अधिक पंचायत युक्त क्षेत्र का चयन कर, पथ प्रदर्शक परियोजना में भाग लेना चाहिए।

पथ प्रदर्शक योजना के दो भाग हैं। पहले भाग में उन गतिविधियों को जो किसानों को फसलों को बढ़ाने के लिये अथवा उस चिन्हितक्षेत्र की परियोजना में संस्तुत किये गए कार्य के अनुरूप है का वित्त पोषण करना, सम्मिलित है। बैंकों को प्रत्येक समूह/सधन इलाके में 15-20 किसानों को वित्त पोषित करने का प्रयास करना चाहिए। यदि समूह ऋण स्वीकृत कराने का प्रावधान नहीं है, व्यक्तिगत लाभार्थी को सामान्य ऋण मानदण्डों का पालन करते हुये ऋण स्वीकृत किया जा सकता है किन्तु बैंक/फील्ड ऑफिसर को अवलम्बन सेवाओं के विस्तार, प्रभावी पर्यवेक्षण सुविधा तथा ऋण अनुशासन बनाये रखने के लिये, समूह के सभी लाभार्थियों का एक अनौपचारिक समूह बना लेना चाहिए।

पथ प्रदर्शक परियोजना के दूसरे हिस्से में एससीएआरडी बैंकों/पीसीएआरडी बैंकों द्वारा स्थापित बहु सेवा केन्द्रों (एमएससी) के माध्यम से अथवा इनके अभाव में परियोजना के लाभार्थियों द्वारा स्थापित कृषक उत्पादक संगठन के माध्यम से पिछड़े एवं आगे के सम्बन्धों को सुविधाजनक बनाना है। बहु सेवा केन्द्रों(एमएससी)/ कृषक उत्पादक संगठन(एफपीओ) का उद्देश्य फसल कटाई के बाद के कार्यो जैसे सुखाना, सफाई, श्रेणीकरण और विपणन सहित खरीद, प्रसंस्करण से उत्पादकों की आय को बढ़ाना हैं।

प्रकाशन

लैण्ड बैंक जरनल एक नए रूप में

हाल ही में फेडरेशन ने कागज़ एवं मुद्रण की गुणवत्ता में सुधार करते हुए लैण्ड बैंक जरनल के आकार में परिवर्तन किया है। फेडरेशन ने जरनल (पत्रिका) के सम्पादन एवं प्रकाशन में पेशेवर सहयोग प्राप्त करने के लिए एक प्रमुख दैनिक राष्ट्रीय में कार्य कर चुके एक वरिष्ठ मान्यता प्राप्त पत्रकार की सेवाएं अनुबंधित की हैं। उनकी सेवाएं सदस्य बैंकों के लिए बैंक के अध्यक्ष अथवा नेतृत्व दल के साक्षात्कार पर आधारित विशिष्ट लेख तैयार करने तथा बैंक आदि द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण घटनाओं आदि पर विशिष्ट लेख/रिपोर्ट तैयार करने के लिए भी उपलब्ध हैं। जरनल (पत्रिका) में (दीर्घकालीन साख संरचना) क्षेत्र की हाल ही की घटनाओं के विवरण के साथ ही एक नियमित स्तम्भ भी दिया जाएगा जिसमें प्रकाशित, एक विचारधारा सृजित करने में अपना विचार और आवाज़ देने के लिए, क्षेत्र के अग्रणी/दीर्घानुभवी महानुभावों के लेख/समीक्षा, नीति निर्माताओं की सोच का आंकलन और विश्लेषण करने का एक सुव्यवस्थित मंच बन सके। जरनल के ये नये वैशिष्ट्य मार्च 2017 के अंक से आरम्भ किये गये थे। लैण्ड बैंक जरनल का प्रकाशन पीआरडी प्रकोष्ठ का एक महत्वपूर्ण कार्य हैं। वर्ष के दौरान लैण्ड बैंक जरनल के तीन अंक अर्थात-जून 2018, सितम्बर 2018 तथा दिसम्बर 2018 का

प्रकाशित एवं परिचालित किये जा चुके है तथा मार्च 2019 का अंक प्रकाशन के अधीन है।

वार्षिक सांख्यकी बुलेटिन

सदस्य बैंकों से सम्बन्धित क्रियाकलापों के आंकड़ों का संकलन एवं संग्रहण तथा वार्षिक सांख्यकीय बुलेटिन का प्रकाशन का कार्य भी प्रकोष्ठ द्वारा किया जाता है। वर्ष 2016-17 के सांख्यकी बुलेटिन का प्रकाशन वर्ष के दौरान किया गया। 2017-18 का बुलेटिन संकलन के अधीन है। फेडरेशन इस महत्वपूर्ण प्रकाशन को एआरडी बैंकों के क्रियाकलापों के बुनियादी स्तर के आंकडों से सम्बन्धित युक्त संगत सूचना तंत्र से अद्यतन किये जाने के लिये प्रयत्नशील है।

एआरडी बैंकों का मासिक प्रगति प्रतिवेदन

फेडरेशन सदस्य बैंकों की अपने स्तर पर तथा भारत सरकार को प्रतिवेदित करने हेतु समीक्षा के लिये मुख्य क्रियाकलापों के आंकड़ों का संग्रहण एवं संकलन मासिक आधार पर करता है। ऋण वितरण, वसूली निष्पादन, उधार राशियां तथा जमा संग्रहण आदि मुख्य क्षेत्र हैं जो इस मासिक प्रगति प्रतिवेदन में अन्तर्निहित हैं। अप्रैल 2018 से फरवरी 2019 तक 11 समेकित मासिक प्रगति प्रतिवेदन 2018-19 के दौरान प्रकाशित किये गये। मार्च 2019 का प्रतिवेदन संकलन के अधीन है।

VI. 2018-19 के दौरान विकास-मुख्य आकर्षण

निवेश ऋण में एआरडी बैंकों के अंश को बढ़ाने पर कार्यदल का प्रतिवेदन

निवेश ऋण में एआरडी बैंकों के अंश को बढ़ाने पर श्री वाई. सी. नन्दा, भूतपूर्व अध्यक्ष, नाबार्ड की अध्यक्षता मे फेडरेशन द्वारा गठित कार्यदल ने अपनी आख्या 1 नवम्बर 2018 को प्रस्तुत की। कार्यदल ने एआरडी बैंकों की संरचना, रूपरेखा तथा व्यवसाय माडल वित्तीय एवं मानव संसाधन तथा प्रौद्योगिकी के परिप्रेक्ष्य में उनके ग्रामीण साख व कृषि निवेश में अंश को बढ़ानें की क्षमता निर्माण के लिये अनेक सिफारिशें की हैं।

कार्यदल ने देखा कि निवेश ऋण में एआरडी बैंकों का अंश वर्ष 2000 के प्रारम्भ से शनै-शनै कम होता जा रहा है। इस संरचना क्षेत्र का निवेश ऋण के वार्षिक वितरण में 1995 में 22 प्रतिशत योगदान था जो 2017-18 में 1.6 प्रतिशत नीचे गिर गया। जब इस अवधि में बाजार 14 प्रतिशत प्रतिवर्ष पर था, एआरडी बैंक का मात्र 2 प्रतिशत पर था। पूर्व प्राप्त नीतियों तथा महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, असाम, तथा बिहार जैसे प्रमुख राज्यों में दीर्घकालीन संरचना के विघटन/रुग्णता के कारण असम्बद्ध हानियों के कारण हुई अंशों कीं गिरावट ने उल्लेखनीय योगदान दिया। कार्यदल ने इस मुद्दे की बहुत बारीकी से जांच की तथा निम्नाकित प्रमुख मुद्दों की पहचान की।

संरचनात्मक एवं कार्यात्मक त्रुटियों की पहचान करना

कार्यदल ने अनुभव किया कि संरचनात्मक कमियों का अंतिम समाधान जैसा कि कपूर समिति तथा वैद्यनाथन टास्क फोर्स-II द्वारा संस्तुति किया गया है, संरचना में संस्थानों का रूपान्तरण पूर्णरूप से बैंक के रूप में किया जाना है। तथापि, भारतीय रिजर्व बैंक को एआरडीबैंकों को बैकिंग लाइसेन्स दिया जाना अभी शेष है।

कार्यदल का मानना है कि बैंकिंग नियामक अधिनियम के मौजूदा प्रावधानों के अन्तर्गत एकात्मक एससीएआरडी बैकों को प्राथमिक सहकारी बैंक के रूप में लाइसेन्स दिया जा सकता है। संघीय एससीएआरडी बैंकं, बैंकिंग लाइसेन्स प्राप्त करने के लिये यदि आवश्यक हुआ तो एकात्मक हो जाने के लिये सहमत है। यद्यपि यह हितधारकों द्वारा समन्वित प्रयास के साथ मध्य अवधि में ही केवल सम्भव होगा।

आन्तरिक सुधार

अल्प अवधि में, अपनी वित्तीय स्थिति सुधारने तथा बाजारी हिस्सेदारी बढ़ाने व बैंकिंग लाइसेस पाने की तैयारी के लिये, संरचना की संस्थाओं को आंतरिक सुधारों पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है। इस संदर्भ में कार्यदल की निम्नांकित महत्वपूर्ण संस्तुतियां हैं:-

- निवेश ऋण के ऋणी सदस्यों की उत्पादन ऋण/कार्यशील पूँजी की आवश्यकताओं को पर्याप्त रूप से पूरा करना।
- एआरडी बैंकों के फसल ऋण पाने वाले किसानों को भी भारत सरकार द्वारा ब्याज अनुदान प्रदान कराया जाए।
- विभिन्न उद्देश्यों के लिये निवेश ऋण, आवधिक ऋण के रूप में एक अवधि/एक उत्पादन चक्र के लिये उत्पादन ऋण/कार्यशील पूँजी मिले-जुले ऋण के रूप में दिया जा सकता है।
- एससीएआरडी बैंकों को दीर्घ कालीन ऋणी सदस्यों की वृद्धिंगत कार्यशील पूँजी/उत्पादन ऋण की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये अपने अल्पकालीन संसाधनों को जमा तथा ऋण देने के माध्यम से बढ़ाने की आवश्यकता है।
- एआरडी बैंकों को समूह आधारित समूह खेती को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
- एससीएआरडी बैंकों को अग्रिम एवं पिछड़े सम्बन्धों तथा अन्य समर्थन सेवाओं के विस्तार के लिए सभी पीसीएआरडी बैंकों/शाखाओं को बहु सेवा केन्द्र स्थापित करना चाहिए।
- एससीएआरडी बैंकों के अकृषि क्षेत्र में घटते अंश विचारणीय विषय है। इसके रोजगार सृजन की क्षमता तथा ऋण वसूली में कृषि क्षेत्र के ऋण की तुलना में अपेक्षाकृत कम समस्याओं को देखते हुए कुल ऋण वितरण में एनएफएस के अंश ऊपर उठने चाहिए।
- एससीएआरडी बैंकों ने आगामी पांच वर्षों के लिये निवेश ऋण में 12.72 प्रतिशत की वृद्धि दर प्रदर्शित की है। एससीएआरडी बैंकों को इन मंसूबो को पूरा करने के लिये पृथक कार्य योजना बनाने की आवश्यकता है।

एससीएआरडी बैंकों के लिए नाबार्ड का पुनर्वित्त

- निवेश ऋण अग्रिम में प्रदर्शित वृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये नाबार्ड की एससीएआरडी बैंकों को पुर्नवित्त पोषण को 15.2 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर पर बढ़ने की आवश्यकता है।
- जैसा कि अधिकांश राज्य गारण्टी वैधानिक अन्तिम सीमा पर पहले ही पहुँच चुके हैं जिससे पुर्नवित्त हेतु सरकारी गारण्टी की शर्त को पूरा कर पाना तेजी से और अधिक दुरूह होता जा रहा है।
- इसलिये नाबार्ड, एससीएआरडी बैंकों के लिए, उनकी बिना सरकारी गारण्टी वाली भाररहित गुणवत्ता वाली सम्पत्ति, जिसे एससीएआरडी बैंकों के मूल्यांकन एवं मापदण्ड के अनुसार जोखिम मूल्यांकन और सम्प्रेक्षा वर्गीकरण से जोड़ा जा सकता है, पर आधारित अतिरिक्त पुनर्वित्त योजना प्रारम्भ करने के बारे में विचार कर सकता है। ये बैंको को आंतरिक रूप से और अधिक संसाधन जुटाने के लिये अभिप्रेरित करेगा तथा उन्हें राज्य सरकार को महसूस कराने में सहायता करेगा।
- नाबार्ड पुनर्वित्त से सम्बन्धित अन्य मुद्दे :-
  - चूंकि एआरडी बैंकों के पास पुनर्वित्त के अन्तराल को भरने के लिये अपने कोई निजी कोष नहीं हैं अत: नाबार्ड सभी उद्देश्यों के लिये शतप्रतिशत पुनर्वित्त पर विचार कर सकता है।
  - एलटीआरसीएफ का समर्थन एससीएआरडी बैंकों को कोषों की औसत लागत को संतुलित करने में सहायता करता है। किसानों के लिये ऋणों की लागत को कम कराने में एलटीआरसीएफ से बढ़ा हुआ समर्थन पर विचार किया जा सकता है।
  - बहु सेवा केन्द्रों की स्थापना के लिये पीसीएआरडी बैंकों/शाखाओं द्वारा प्राप्य की प्रतिभूति सुरक्षा पर आनुषंगिक मुक्त ऋण दिए जा सकते हैं।
  - जोखिम प्रतिरोधन के लिये भुगतान किये गये गारण्टी शुल्क को ध्यान में रख कर पुनर्वित्त के लिए सरकार द्वारा दी गई गारण्टी पर जोखिम लागत को छोड़ना।

जमा संग्रहण

सार्वजनिक जमा

- जमा संग्रहण पर दिनांक 26 अगस्त 1997 के नाबार्ड के दिशा निर्देशों के अनुसार एससीएआरडी बैंकों को सार्वजनिक सावधि जमा संग्रहण की अनुमति दी गई है। इन दिशा निर्देशों के अनुसार व्यक्तिगत जमा, भागीदार फर्म, ज्वाइण्ट स्टॉक कम्पनी अथवा किसी अन्य संस्था अथवा एसोसिएशन से, निम्नांकित शर्तो के अधीन जमा स्वीकार किये जा सकते है:-
  - योजना के अन्तर्गत 15 प्रतिशत जमा शेष, बैंकों में जमा

अथवा सरकारी प्रतिभूतियों सहित नगद रोकड़, के रूप में तरल रूप में रखा जाना है।

- केवल सावधि जमा जिसकी अवधि एक वर्ष से कम नहीं है, को संग्रहीत/वसूल किया जा सकता है।
- कुल जमाराशियों के शेष किसी भी समय एससीएआरडी बैंकों के शुद्ध निजी कोषों से अधिक नहीं होंगे।
- संघीय संरचना के अंतर्गत पीसीएआरडी बैंक, अपने निजी जमा निवेश स्वीकार करने से पहले, प्रारम्भ में कम से कम 2 वर्ष के लिए एससीएआरडी बैंकों के एजेन्ट के रूप में कार्य कर सकते हैं।
- कार्यदल ने पाया है कि एआरडी बैंक दो दशको से अधिक से सार्वजनिक जमा निवेश स्वीकार कर रहें हैं, अब उपर्युक्त दिशा निर्देशों एवं राज्यों के अनुसार जमा संग्रहण के उस अनुभव को देखते हुये तथा वस्तुत: देनदारियों को पूरा करने में असफलता/विलम्ब के कोई उदाहरण अभी तक नहीं पाये जाने की स्थिति में : एआरडी बैंकों द्वारा, विषेश रूप से आवधिक जमा और जमा राशियों की अंतिम सीमा के संदर्भ में, अपने सार्वजनिक जमा संग्रहण के क्षेत्र को और अधिक व्यापक बनाया जाना चाहिये।
- चूंकि एससीएआरडी बैंकों ने अल्पकालीन ऋणों की शुरुआत की है, अत: निवेश जमा में अवधि के प्रतिबन्ध पर छूट दिये जाने पर विचार किया जा सकता है। इसी तरह वैद्यनाथन टास्क फोर्स-।। की संस्तुति पर आधारित एनबीएफसीज पर लागू मानदण्ड को लेते हुये निवेश जमा की सीमा और तरल निधियों के प्रतिशत को सुविधानुसार संशोधित किया जा सकता है।

सदस्य के निवेश जमा

- नाबार्ड द्वारा 1997 में जारी की गई योजना के अनुसार सार्वजनिक जमा स्वीकार करना।
- एआरडी बैंक्स अपने सदस्यों से भी एससीएआरडी बैंकों के प्रबन्धन मण्डल द्वारा अनुमोदित जमा योजना के अंतर्गत निवेष जमा स्वीकार कर रहे हैं।
- कार्यदल ने सिफारिश की है कि सदस्य जमा योजना के अंतर्गत आने वाले सभी जमाकर्त्ताओं को मतदान के अधिकार वाले सदस्यों के रूप में नांमांकित होना चाहिए।

सीआरएआर (क्रार) आरक्षित परिसम्पत्ति की तुलना में पूँजी का अनुंपात

- एससीएआरडी बैंक-गुजरात, केरल और तमिलनाडु को छोड़ कर अधिकांश बैंकों का सीआरएआर (क्रार) 9 प्रतिशत के अपेक्षित स्तर से कम है।
- बैंकों को क्रार को पूरा करने के लिये दीर्घ अवधि के जमा स्वीकार कर अपना पूँजीगत आधार सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता हैं जो द्वितीय श्रेणी की पूँजी की अर्हता रखती है तथा एनपीए के प्रावधानों के सापेक्ष बन्द पूँजी को खोलती है।
- एआरडी बैंकों को वर्ष में जिनके ऋण खाते बन्द हो गये हैं, वैधानिक सम्प्रेक्षण पूर्ण होने से पहले अंश पूँजी को खत्म नहीं करना चाहिए।
- एआरडी बैंक अपने ऋणी सदस्यों को ऋण खाता बन्द होने के बाद सुनिश्चित लाभ के साथ अंश धन को दीर्घ अवधि की जमा में रूपान्तरित करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं जो क्रार की आवश्यकताओं के साथ आवेदन करने के लिये द्वितीय श्रेणी पूँजी की योग्यता रखता है।

नाबार्ड के अतिरिक्त अन्य उधार ऋण के मार्ग

- एससीएआरडी बैंकों को अल्प कालिक/मध्यावधि ऋण उपलब्ध हैं जिन्हें अल्पकालीन उत्पादों के लिए उपयोग किया जा सकता है।
- सुदृढ़ वित्तीय स्थिति तथा उच्च वसूली दरों वाले एससीएआरडी बैंक संपार्श्विक के बिना प्राप्तियों की सुरक्षा के आधार पर एनसीडीसी ऋणों के लिए अर्हता रखते हैं।
- एससीएआरडी बैंकों को नेशनल रूरल हाउसिंग फण्ड के अंतर्गत संघीय ढांचे के मामले में 60 प्रतिशत से अधिक ऋण वसूली तथा एकात्मक ढांचे के मामले में 70 प्रतिशत से अधिक ऋण वसूली तथा बिना संपार्श्विक के साथ एनएचबी से पुनर्वित्त उपलब्ध है।
- एससीएआरडी बैंकों को अपना मूल्यांकन अधिकृत मूल्यांकन एजेन्सी से कराना चाहिए जो वित्तीय रूप से सुदृढ़ एससीएआरडी

बैंकों को वाणिज्यिक बैंक अनुकूल शर्तो पर ऋण सुविधा प्रदान कराने में सहायक होंगे।

- नाबार्ड तथा अन्य ऋण दाता एजेन्सियों से संपार्श्विक मुक्त ऋण के लिये मूल्यांकन भी मार्ग प्रशस्त कर सकता हैं।

अतिदेयों एवं एनपीए से निपटना

2012-13 में आंतरिक सुधारों की शुरुआत के बाद अंतिम ऋणी सदस्य स्तर तथा शीर्ष स्तर पर दोनों पर ही वसूली स्थिति में उल्लेखनीय सुधार दृष्टिगोचर हुए हैं। यद्यपि 2016-17 में विमुद्रीकरण के कारण जो 2017-18 में भी जारी रहा, तथा पूरे देश में राज्य सरकारों द्वारा घोषित ऋण माफी योजना के कारण ऋण वसूली को बहुत बड़ा झटका लगा।

कार्यदल ने एससीएआरडी बैंकों तथा पीसीएआरडी बैंकों द्वारा वसूली नीति निर्धारित करने, कार्य निष्पादन व पर्यवेक्षण की व्यवस्था के साथ सम्बन्धित कर्मचारी के जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करने की आवश्यकता पर जोर दिया। फेडरेशन ने सुधार हेतु सुझावों, ऋण वितरण एवं देय तिथि भुगतान/स्वैच्छिक भुगतान की उच्च दर प्राप्त करने हेतु पुनर्भुगतान प्रणाली तथा दुराग्रही बकायेदारों के विरुद्ध एक प्रभावशाली निवारक के रूप में वसूली नीतियों के निर्धारण के साथ साथ विधिक वसूली प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए दिशानिर्देश जारी किये हैं। कार्यदल ने सुझाव दिया है कि एससीएआरडी बैंक तथा पीसीएआरडी बैंक वसूली नीतियों का क्रियान्वयन तथा रणनीतियों का निर्धारण,फेडरेशन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप करें।

- एससीएआरडी बैंक तथा पीसीएआरडी बैंकों को सकल एनपीए को संतोषजनक स्तर पर लाने के लिये ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। एआरडी बैंकों को प्रत्येक वर्ष अक्टूबर से मार्च तक उन खातों पर केन्द्रित करते हुय जो मार्च के अंत में एनपीए के लिये वर्गीकृत हैं, विशेष अभियान चलाना चाहिए।
- कार्यदल ने जोखिम प्रबन्धन के अनेक उपायों की भी सुस्तुति की है जैसे कि :- क्रेडिट पोर्टफोलियों के विस्तार हेतु सुझाव देने के लिये प्रधान कार्यालय पर जोखिम प्रबन्धन समिति
  - उपयुक्त ऋण जोखिम मापदण्ड विकसित करना।
  - मूल्यांकन प्रणाली सुधारना
  - ऋणी सदस्य के वित्तपोषण स्तर पर परिसम्पत्ति का बीमा।
  - ऋणों की वसूली हेतु त्रिपक्षीय व्यवस्था के साथ कृषि मूल्य श्रृंखला का वित्तपोषण।

प्रौद्योगिकी अभिग्रहण एवं उन्नयन

- फेडरेशन ने एनआईसीद्वारा एआरडी बैंकों के लिये विकसित समान साप्टवेयर तथा कोर बैंकिंग समाधान की संस्तुति पूर्व में की है।
- अधिकांश एससीएआरडी बैंक पहले ही कम्प्यूट्रीकरण तथा कोर बैंकिंग समाधान के लिये एनआइसी से समझौता ज्ञापित कर चुके हैं। यद्यपि क्रियान्वयन की प्रगति धीमी है। एनआईसी तथा एससीएआरडी बैंकों को कम्प्यूट्रीकरण की प्रक्रिया को पूरा करने के लिये एक निर्धारित समय सीमा का निर्धारण करना होगा।

मानव संसाधन विकास

- लगभग सभी राज्यों के एआरडी बैंकों में मात्रा एवं गुणवत्ता के मामले में मानव संसाधन की कमी है। एकबार कर्मचारी मापदण्ड तथा भर्ती प्रक्रिया सरकार/रजिस्ट्रार कोआपरेटिव सोसाइटी द्वारा अनुमोदित हो जाते हैं, बैंकों को स्टार्फिंग पैटर्न के अनुरूप बिना अग्रिम अनुमोदन कराये, नियुक्ति करने की स्वतंत्रता दी जानी चाहिए।
- एससीएआरडी बैंक तथा पीसीएआरडी बैंकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति चयन प्रक्रिया के माध्यम से की जा सकती है।
- मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को सहयोग देने, शीर्ष प्रबन्धन स्तर पर नीतियों की स्थिरता और निरन्तरता बनाये रखने के लिए मध्यम स्तर के प्रबन्धन में पेशेवरों के एक संवर्ग का निर्माण।
- सी-पेग (सी-पीईसी) द्वारा अधिकारिक प्रमाणन हेतु दिशा निर्देश के अनुरूप जेएलटीसी में सुधार। कार्य के लिये उपयुक्त योग्यता अर्जित करने के लिये यथोचित प्रोत्साहन व्यवस्था के प्रारम्भ के द्वारा कर्मचारियों को आत्म प्रशिक्षण।
- प्रशिक्षण आवश्यकता का आंकलन तथा कैरियर में प्रगति के लिये महत्वपूर्ण मानदण्ड के रूप में कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रणाली को सुदृढ़ बनाना।

- स्टाफ पैटर्न मापदण्डों की आवधिक समीक्षा, कार्य आवंटन एवं आवर्तन, अनेक स्तरों पर सीधी भर्ती की नीति, अनुक्रम के साथ साथ संरचना आदि में कई स्तरों पर अधिकारों के प्रत्यायोजन

लाभप्रदता

- लाभप्रदता सुधार के लिये एससीएआरडी बैंकों को निम्नांकित उपायों पर लक्ष्यित करना होगा:-
- सम्पूर्ण संरचना के लिए ब्याज की सीमा 5 प्रतिशत के न्यूनतम स्तर पर रखते हुए ऋणों का वास्तविक मूल्य निर्धारण।
- ऋण जारी किये जाने के बाद पुनर्वित्त लागत में बाद में वृद्धि पर ऋणो पर आधारित ब्याज दरों में संशोधन।
- हानि से बचने तथा बकाये पर प्रोत्साहन देने से बचने के लिए बकाया ब्याज पर उसी दर से ब्याज लिया जाना चाहिए।

आदर्श वसूली नीति

फेडरेशन के प्रबन्धन मण्डल द्वारा अभी हाल ही में सदस्य बैंकों के लिये निर्धारित आदर्श वसूली नीति ऋण एवं वसूली प्रणाली में महत्वपूर्ण परिवर्तन प्रस्तुत करती हैं। बैंकों को ऋण वसूली को, एक अंतिम कदम के रूप में नहीं वरना ऋण चक्र के एक आवश्यक अंग के रूप में देखने की आवश्यकता है जिससे ऋण अधिकारी ऋण की पूरी अवधि के दौरान उस ऋण की वसूली के लिये उत्तरदायी बना रहे। ऋण खातों के मामलों की सामयिक छानबीन करते रहने से भुगतान में बकाये से बहुत हद तक बचा जा सकता है। कृषि के आवधिक ऋणों में अपनाई जा रही देय तिथि की तिमाही/छमाही/वार्षिक किस्त प्रणाली से शुरुआती पहचान मुश्किल हो जाती है क्योंकि जब ऋण की धनराशि का समस्या ग्रस्त होना पता चल पाता है तब तक एक या अधिक किस्तें बकाया हो जाती हैं, ऋणी सदस्य की सामान्य स्थिति में भुगतान कर पाने की क्षमता से परे बकाया धनराशि बढ़ जाती है।

कृषि अनेक जोखिमों से ग्रस्त है, जैसे जलवायु जोखिम, कीमत जोखिम, कीटों एवं बीमारियों का जोखिम। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से फसल बीमा में सुधारों के बावजूद विगत दो वर्षो में फसल बीमा का आवृत्त क्षेत्र किसानों का 40-45 प्रतिशत तक ही सीमित रहा। इसी तरह ऐसी भावना बढ़ रही है कि केन्द्र और राज्य सरकारों की अनुदान की बहुत बड़ी धनराशि फसल बीमा योजना के अन्तर्गत फसल बीमा में जा रही जों केवल बीमा कम्पनियों को लाभ पहुँचाती हैं जब कि फसल बीमा योजना के अंतर्गत वार्षिक क्षतिपूर्ति के भुगतान के रूप में केवल सकल प्रीमियम का 60-65 प्रतिशत संग्रहीत हुआ, वो भी ऋण वितरण में काफी विलम्ब के बाद। पिछले दो वर्षो में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत सकल प्रीमियम की कुल धनराशि रु.470408 करोड़ के सापेक्ष कुल अदायगी मात्र रु.31613 करोड़ की हुई। बताया गया कि इस वर्ष फसल बीमा नामांकन 15 प्रतिशत नीचे आ गया है, जिसके लिये बहुत हद तक क्षतिपूर्ति पाने के लिये किये गये दावों के अनुमोदन के मुद्दों को उत्तरदायी माना गया है। फसल हानि के अतिरिक्त किसानों को मौसम की कठोर घटनायें, जो अब प्रतिदिन हो रही हैं, में प्राय: कृषि सम्पत्ति के विनाश व बरबादी के कारण काफी हानि उठानी पड़ती हैं। साथ ही किसान आमतौर पर ऊंची लागत के कारण कृषि परिसम्पत्तियों का बीमा करने से कतराते हैं। इस समस्या का हल करने के लिये फसल बीमा योजना की तरह सरकार के आर्थिक सहयोग के साथ कृषि सम्पत्ति बीमा योजना की आवश्यकता है। वस्तुत: फसल बीमायोजना के अंतर्गत सृजित किये गये विशाल अधिशेष के हिस्से को वर्तमान में, इस प्रकार की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये प्रयुक्त किया जा सकता है। वर्तमान में कृषि परिसम्पत्तियां कुल मिलाकर बीमारहित हैं। किसानोंकी क्षतिपूर्ति विहीन हानियों के कारण बैंको की, जो इन परिसम्पत्तियों के आधार पर वित्त प्रदान कराते हैं, उनके जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि हो जाती है।

आदर्श वसूली नीति का सुझाव है कि बैंक को इन जोखिमों के प्रति जागरुक बनाने का प्रयास करना चाहिए और ऋण परियोजनाओं में इस प्रकार के जोखिमों पर ध्यान दे। आंशिक अथवा पूर्णरूप से खराब फसल वर्ष में, इस प्रकार की हानियों की सीमा और उसका ग्राहक की ऋण भुगतान क्षमता पर प्रभाव पर आधारित कृषि के सावधि ऋणों के लिए किस्तों को पुनर्निधारित करने हेतु प्रावधान किया जाना बहुत आवश्यक है। समय से किस्तों के भुगतान में आने वाली दूसरी प्रमुख बाधा ग्रामीण ग्राहकों में वित्तीय साक्षरता का अभाव होना है। ऐसा देखा गया है कि जो ग्राहक अपनी आय और व्यय का लेखाजोखा नहीं रखते, इच्छा और सामर्थ्य होने के बावजूद समय से आमदनी के प्रवाह के खराब प्रबन्धन के कारण समय से ऋण अदायगी कर पाने में

असफल रहते है। एआरडी बैंकों को ऐसे ग्राहकों की बचत और बचत खातों की सुविधा प्रदान कराते हुये उनकी नियमित बचत को संचित कर सहायता करनी चाहिए। वे ग्राहक जो निवेश ऋण की सुविधा प्राप्त कर रहें हैं, के ऋणों की स्वीकृति, कार्यशील पूँजी/उत्पादन ऋण आवश्यकताओं के वित्तपोषण के लिये पर्याप्त व्यवस्था, ग्राहकों द्वारा लिये गये ऋण के उपयोग की गतिविधियों का नियमित निरीक्षण, समय से भुगतान करने पर प्रोत्साहन भुगतान योजना का शुभारम्भ किये जाने की व्यवस्था, ऋण अधिकारी को उसके ऋण वसूली कार्य निष्पादन पर प्रोत्साहन/दण्ड व्यवस्था, नियमित और निरन्तर अनुवर्ती सुविधा के लिये विशेष रूप से छोटे ऋणों की स्वीकृति के लिये संघ आधारित समूह अवधारणा, ऋणी सदस्य की ऋण प्रक्रिया को पूरा कराने में निरर्थक व्ययों को बचाना, देय तिथि से पूर्व अदायगी पर प्रोत्साहन के बारे में सूचित करना और देय तिथि के बाद वसूली के लिये एक निर्धारित मानक प्रक्रिया के पालन किये जाने के बारे में आगाह करना, आदर्श वसूली नीति के अन्य प्रमुख आकर्षण हैं। आदर्श वसूली नीति विधिक वसूली प्रक्रिया को वसूली लक्ष्यों को प्राप्त करने के साधन से अधिक एक निवारक के रूप में अधिक देखती है। कम किस्तों में अतिरिक्त अवधि के लिये पुनर्निधारण और पुनर्गठन तथा अधिभार के एक अंश को माफ करते समय अतिदेय खातों को नियमित करने के लिये अनुशंसित है, जब बकाया पड़ने के कारण प्रामाणिक हैं, उन मामलों में जब ग्राहक भुगतान करने की सामर्थ्य रखते हुए भी ऋण अदायगी से बचता है, इस स्थिति में विधिक वसूली प्रक्रिया ही एकमात्र विकल्प है। देखा गया है कि विधिक कार्यवाही को प्रभावी ढंग से पूरा कर लेने पर कुछ मामलों में दुराग्रहपूर्ण बकाये की घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। बंधकग्रस्त सम्पत्ति के विक्रय हेतु नीलामी का राज्य व्यापी प्रचार कराना, नीलामी में अन्य जनपदों के सम्भावित कायकर्त्ताओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना, जहां आवश्यकता हो, सम्भावित क्रर्ताओं के ऋणों की स्वीकृति करना, कर्मचारियों आदि की कमी होने की स्थिति में विक्रय प्रक्रिया को पूरा करने के लिये ।

दिनांक ६ मार्च २०१९ को फेडरेशन के प्रतिनिधियों की नाबार्ड के अध्यक्ष के साथ सम्पन्न बैठक

नाबार्ड से सम्बन्धित एआरडी बैंकों की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिये कार्यदल की रिपोर्ट की संस्तुति पर फेडरेशन के प्रतिनिधियों की एक बैठक नाबार्ड के अध्यक्ष डाक्टर हर्ष कुमार भांनवाला, व नाबार्ड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिनांक 6 मार्च 2019 को सम्पन्न हुई। बैठक में हुए विचार विमर्श का सारांश निम्नवत है:-

श्री के. शिवदासन नायर, अध्यक्ष फेडरेशन ने अपने संक्षिप्त अभिभाषण में नाबार्ड से एससीएआरडी बैंकों को भारत सरकार की ब्याज अनुदान योजना में सम्मिलित किये जाने हेतु सहयोग प्रदान करने के साथ ही एससीएआरडी बैंकों को बैंकिंग लाइसेन्स मापदण्ड निर्धारित किये जाने के मामले में समर्थन करने के लिये अनुरोध किया। उन्होनें अभी हाल ही में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा की गई ऋण माफी तथा लोक सभा चुनावों में भी आगे ऋण माफी के किये गये वायदों के कारण ऋण वसूली के बिगड़ते हालात के बारे में भी बताया। कार्यदल के अध्यक्ष श्री वाई. सी. नन्दा ने अपनी महत्वपूर्ण संस्तुतियों की जानकारी देते हुए कहा कि एससीएआरडी बैंक को सामान्य तौर पर सरकारी गारण्टी निर्गत की जाने वाली कुल गारण्टी पर वैधानिक सीमा प्रतिबन्ध के कारण अपेक्षित सीमा तक की गारण्टी पाने में कठिनाई होती है। इसके अतिरिक्त अधिकांश मामलों में एससीएआरडी बैंकों को गारण्टी शुल्क के बोझ को स्वयं वहन करना पड़ता है जिससे उनकी लाभप्रद कार्यप्रणाली प्रतिकूलरूप से प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में कार्यदल ने गुणात्मक परिसम्पत्ति एवं अन्य गुणात्मक मानदण्डों पर आधारित जो बिना सरकार की गारण्टी के अथवा अन्य समपार्श्व के निर्धारित किये जा सकते हैं नाबार्ड द्वारा एक नया अतिरिक्त पुनर्वित्त उत्पाद प्रस्तुत करने का सुझाव दिया है। उन्होंने प्रबन्धन मण्डल में दो पेशेवरों को सम्मिलित किये जाने के प्रावधान को लाये जाने के सम्बन्ध मे भी सलाह दी है। इसी प्रकार एससीएआरडी बैंकों के प्रबन्धन मण्डल में नाबार्ड के प्रतिनिधियों को प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार लाने के लिये मार्गदर्शन करते हुये सक्रिय भूमिका निर्वहन करनी चाहिए।

श्री के. के. रविन्द्रन, प्रबन्ध निदेशक फेडरेशन ने नाबार्ड से सम्बन्धित कार्य दल की महत्वपूर्ण संस्तुतियां, जिनमें सभी उद्देश्यों के लिये शतप्रतिशत पुनर्वित्त का प्रावधान सम्मिलित है, दीर्घकालीन ऋणी सदस्यों की अल्पकालिक उत्पादन एवं कार्यशील पूँजी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये विशिष्ट ऋण की व्यवस्था, पीसीएआरडी बैंकों को

सहायता देने के लिये योजना का विस्तार करना, एकात्मक एससीएआरडी बैंकों को भी बहु सेवा केन्द्र स्थापित करने के लिये सहायता देना, तथा सृजित परिसम्पत्तियों एवं प्राप्य की सुरक्षा पर इस उद्देश्य के लिये संपार्श्विक मुक्त सुलभ ऋण उपलब्ध कराना, वार्षिक गारण्टी, जो अभी भी कुछ राज्यों में प्रचिलित है के स्थान पर रिवाल्विंग ब्लॉक गारण्टी को आरम्भ करने के साथ ही राज्य स्तर पर नीतिगत वातावरण में सुधार के लिए नाबार्ड के हस्तक्षेप की आवश्यकता, उनके अधिदेश को उचित मान्यता के साथ सदस्यों के जमा निवेश सावधिक जमा तथा कुल जमा धनराशि की सीमा के बिना किसी प्रतिबन्ध के स्वीकार करने,सम्बन्धी एआरडी बैंकों के जमा संग्रहण के सम्बन्ध में नाबार्ड की नीतियों को तर्कसंगत बनाने की आवश्यकता, धन की औसत लागत को संयत करने के लिये एलटीआरसीएफ के अंतर्गत आंवंटन में एससीएआरडी बैंकों को वरीयता।

डाक्टर हर्ष कुमार भानवाला, अध्यक्ष, नाबार्ड ने कहा कि एक ओर जब कृषि ऋण दो गुनी गति से बढ़ रहा है, एआरडी बैंकों की ऋण वितरण में परिलक्षित गिरावट गम्भीर चिन्ता का विषय है। संरचना का अस्तित्व खतरे में हैं जब तक कि यह प्रवृत्ति उलट नहीं जाती। इसे सुगम बनाने में राज्य सरकारों की नीतियां विशेष महत्व रखती हैं। संरचना को नीतिगत समर्थन के मुद्दे पर राज्य सरकार से विचार विमर्श करने की आवश्यकता है। उन्होनें कहा कि इस प्रक्रिया में नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय को सक्रिय रूप से सम्मिलित होने की सलाह दी जायेगी। नाबार्ड की पुनर्वित्त से सम्बन्धित नीतियों पर अनेक सुझावों के प्रतिउत्तर में डा. हर्ष कुमार भानवाला ने निम्नांकित क्षेत्रों में नाबार्ड के सहयोग का आश्वासन दिया :-

- यद्यपि एआरडी बैंकों के लिए उपलब्ध लाभ को प्रभावित करते हुए नाबार्ड के पुनर्वित्त पर ब्याज की दर विगत दो वर्षो में ऊंची रहीं, 2018-19 के दौरान ब्याज दर संशोधन का लाभ ग्राहक संस्थानों को हस्तांतरित किये जाने का निर्णय लिया गया। वर्ष 2018-19 में एआरडी बैंकों के लिये एलटीआरसीएफ सहित कोष की औसत लागत को 7 प्रतिशत नीचे लाया जा सका।
- फेडरेशन को एससीएआरडी बैंकों को एलटीआरसीएफ के अंतर्गत उनके आवंटन की मांग वर्ष के प्रारम्भ में ही इंगित कर देने की सलाह देनी चाहिये जिससे कि सरकार की गारण्टी मिलने में देरी के कारण आहरण में विलम्ब होने पर भी उसे समायोजित किया जा सकता है।
- नाबार्ड को एआरडी बैंकों के अपने सदस्यों के जमा निवेश की अवधि सहित प्रबन्धन मण्डल द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार निर्धारित नियम और शर्तों के अनुसार किये जा रहे जमा संग्रहण पर कोई आपत्ति नहीं है।
- नाबार्ड शीघ्र ही एआरडी बैंकों द्वारा जमा संग्रहण पर संशोधित दिशा निर्देश निर्गत करेगा।
- गुणात्मक परिसम्पत्तियों सहित एससीएआरडी बैंक वाणिज्यिक बैंकों तथा निजी क्षेत्र के बैंकों के परिसम्पत्तियों के साथ प्रतिभूतीकरण किये जाने पर विचार कर सकता है।
- राज्य सरकार के साथ परामर्श में एससीएआरडी बैंकों को अन्य वित्तीय संस्थानों/बैंकों से परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतीकरण के माध्यम से संसाधन सहयोग प्राप्त करने के लिये एक नीति विकसित करने की आवश्यकता है।
- नाबार्ड भी एलटीआरसीएफ के अंतर्गत वित्त पोषण के साथ साथ निवेश ऋण के लिये सामान्य स्थितियों में 7 वर्षीय समान भुगतान अवधि निर्धारित करने के लिए स्वतंत्र है।
- फेडरेशन को एससीएआरडी बैंकों के नीतिगत परिवेश में सम्बन्धित राज्य सरकारों के साथ मुद्दों को उठाना चाहिए और सलाह दी कि नाबार्ड को भी राज्यस्तरीय फोरम पर इन मुद्दों से भिज्ञ रखा जा सकता है।
- अतिरिक्त प्रक्रिया के अल्पकालीन पुनर्वित्त के अनुरोध के लिये फसली ऋणों के मामले का आंतरिक परीक्षण किया जायेगा फसली ऋणों को एससीएआरडी बैंकों को राज्य सहकारी बैंक के माध्यम से अतिरिक्त उसी तरह एससीबी को एसटीएसएओ सीमा की स्वीकृति प्रदान करते हुए दिशा दी जानी होगी।
- फेडरेशन को सुनिश्चित करना चाहिए कि एससीएआरडी बैंकों ने अपनी कम्प्यूट्रीकरण प्रक्रिया को बिना किसी देरी से पूरा कर लिया है। ऋणों को दिशा दिये जाने सहित डिजिटलीकरण अन्य बैंकों के बीसी की तरह व्यवसाय विस्तार की पहली शर्त है।
- नाबार्ड एससीएआरडी बैंकों के मुख्य कार्यकारी अधिकरियों की

नियुक्ति पर उपयुक्त और उचित दिशा निर्देश निर्गत करने पर विचार करेगा।

एससीएआरडी बैंकों की वर्ष 2018-19 के लिये योजनाबद्ध ऋण वितरण हेतु नाबार्ड की पुनर्वित्त नीति

वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान एससीएआरडी बैंकों द्वारा पुनर्वित्त आहरण की पात्रता नाबार्ड द्वारा किये गये जोखिम मूल्यांकन से अभी भी सम्बद्ध है।

एससीएआरडी बैंकों की पुनर्वित्त पात्रता मंद जोखिम, नरम जोखिम, मध्यम जोखिम, उच्च जोखिम के अंतर्गत निम्न प्रकार वर्गीकृत किया गया है :-

मानदण्ड	पुनर्वित्त की मात्रा
अ) निम्न जोखिम (अंक 65 और उससे अधिक)	नाबार्ड द्वारा अनुमोदित तथा राज्य बैंक के लिये समस्त आवंटन बैंक के वास्तविक ऋण वितरण स्तर तक पुनर्वित्त (आरपीएल)
ब) नरम जोखिम (अंक 50 से 64 तक)	पुनर्वित्त की मात्रा अंतिम तीन वर्ष की वसूली का 95% अथवा अंतिम वर्ष की 95% वसूली जो भी कम हो।
क) मध्यम जोखिम (अंक 40 से 49 तक)	दिनांक 1.09.2015 को परिपत्र में निहित वर्तमान निर्देशों के अनुसार आरओ की विशिष्ट संस्तुति के साथ प्रधान कार्यालय को संदर्भित मामलेपर विचार
ड) उच्च जोखिम (अंक 40 से कम)	

सम्पेक्षण आख्या : 2017-18 के लिये पुनर्वित्त निर्गमन एससीएआरडी बैंकों के सम्प्रेक्षण वर्गीकरण तथा नाबार्ड के निरीक्षण आख्या अवलोकन के संतोषजनक अनुपालन के अधीन होगा। केवल 'ए' तथा 'बी' सम्प्रेक्षा वर्गीकृत एआरडी बैंक पुनर्वित्त के पात्र होंगे। संप्रेक्षा वर्गीकृत 'डी' श्रेणी के पीसीएआरडी बैंक पुनर्वित्त के पात्र नहीं थे। अप्रैल 2018 से सितम्बर 2018 के दौरान एससीएआरडी बैंकों का जोखिम मूल्यांकन 31.03.2017 को उनकी अंकेक्षित वित्तीय स्थिति के आधार पर होगा। अक्टूबर 2018 से मार्च 2019 तक का जोंखिम मूल्यांकन 31.03.2018 को अंकेक्षित वित्तीय स्थिति के आधार पर होगा। 1.10.2018 को अथवा उसके बाद आहरण केवल ऐसे एससीएआरडी बैंकों को किया जाना था जिनका 2017-18 का सम्प्रेक्षण पूरा हो गया था तथा सुसंगत सम्प्रेक्षण आख्या सम्बन्धित नाबार्ड के आर ओ के समक्ष प्रस्तुत कर दी गई हो। 31.03.2018 को किसी भी वित्तीय मापदण्ड में सुधार अथवा गिरावट होने की स्थिति में (वैधानिक सम्पेक्षा पूर्ण हो चुकने के बाद) उसी को पुनर्वित्त की पात्रता के लिए प्रतिपादित किया जाएगा।

30 अंक अथवा उससे कम अंक लाने वाले एससीएआरडी बैंक को कोइ पुनर्वित्त नहीं दिया जाएगा। पुनर्वित्त निर्गमन से पूर्व आर ओ को राज्य सरकार की गारण्टी तथा पूरक जीआर ए के क्रियान्वयन की प्रामाणिकता की पुष्टि करने वाला पत्र प्राप्त करना होगा।

स्वचालित पुनर्वित्त सुविधा : बैंक ऋण या परियोजनाओं के लिये कुल वित्तीय परिव्यय, कृषि एवं अकृषि क्षेत्र दोंनों को पुनर्वित्त मात्रा में बिना उच्चसीमा प्रतिबन्ध के दिया जाना जारी रखना है। यदि कोई एससीएआरडी बैंक पूर्व अनुमोदन प्रक्रिया के अन्तर्गत पुनर्वित्त प्राप्त करने की इच्छा रखता है, अपना प्रकल्प नाबार्ड के समक्ष प्रस्तुत कर सकता हैं।

पुनर्वित्त का विस्तार-क्षेत्र : सभी महत्व वाले क्षेत्रों के लिए पुनर्वित्त की सीमा शतप्रतिशत जारी रहेगी तथा कृषि निवेश एवं कृषक साथी योजना के लिये अनुमोदित अन्य उद्देश्यों के लिये 95% है।

पुनर्वित्त पर ब्याज दर

वर्ष 2018-19 में नाबार्ड द्वारा अपने योजनाबद्ध ऋण वितरण, जो कम जोखिम वाले एससीएआरडी बैंकों के लिये इसकी अल्पकालिक पुनर्वित्त के लिये भी है, पर आवेषित ब्याज की दर पर समीक्षा नीचे प्रस्तुत की गई है :

वर्ष 2018-19 के दौरान योजनाबद्ध ऋण वितरण हेतु नाबार्ड पुनर्वित्त

(प्रतिशत में)

से प्रभावी	पांच वर्ष से ऊपर	तीन से पांच वर्ष	18 से 36 माह
03.5.2018	8.65 (8.30)* *22 जनवरी 2018 से प्रभावी	8.70 (8.40)* *22 जनवरी 2018 से प्रभावी	8.65 (8.40)* *22 जनवरी 2018 से प्रभावी
30.5.2018	9.25	9.35	9.30
14.6.2018	9.25	9.35	9.30
19.7.2018	8.80	9.00	8.75
10.8.2018	8.80	9.00	8.75
06.9.2018	9.05	9.25	9.00
08.10.2018	9.25	9.70	9.55
13.12.2018	9.25	9.70	9.55
16.01.2019	9.00	9.15	9.00

यहां पर यह देखा जा सकता है कि नाबार्ड के पुनर्वित्त की ब्याज दर जो 22 जनवरी 2018 को 8.30% थी, 3 मई 2018 को 35 आधार अंक बढ़ कर 8.65% हो गया और आगे 60 आधार अंकों की वृद्धि के साथ क्रमश: 30 मई 2018 और 14 जून 2018 को पांच वर्ष से अधिक की अवधि के लिए 9.25% के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। पुन: इसी अवधि में 3 से 5 वर्ष की अवधि के लिये पुनर्वित्त में 30 आधार अंक एवं 60 आधार अंकों की वृद्धि हुई। यद्यपि 18 से 36 महीने की अवधि में नाबार्ड पुनर्वित्त की दर क्रमश: 25 आधार अंक और 65 आधार अंक बढ़ी।

19 जुलाई 2018 और 10 अगस्त 2018 से प्रभावी नाबार्ड के पुनर्वित्त की ब्याज दर क्रमश: 40 आधार अंक, 35 आधार अंक, तथा 55 आधार अंक उपर्युक्त पांच वर्षो, 3-5 वर्षो और 18-36 माह के लिये नीचे गिरी।

बाजार में प्रचलित (बढ़ती हुई) ब्याज दरों के साथ तालमेल बनाये रखते हुये, नाबार्ड ने क्रमश: 6 सितम्बर 2018, 8 अक्टूबर 2018 तथा 15 दिसम्बर 2018 से ऋण वितरण की दर में बढ़ोत्तरी की थी जैसा कि तालिका में ऊपर दिया गया है।

बाजार मे प्रचिलित घटती ब्याज दर व्यवस्था के परिणामस्वरूप, नाबार्ड ने भी अपने पुनर्वित्त की ब्याज दर में पांच वर्ष से अधिक अवधि के लिये 25 आधार अंकों तथा 55 आधार अंकों की कमी की, दोनों क्रमश: 3-5 वर्ष और 18-36 माह में 16 जनवरी 2019 से प्रभावी है और जो वित्तीय वर्ष के अंत 31 मार्च 2019 तक जारी है।

3 मई 2018 और उससे आगे से प्रभावी, नाबार्ड ने निम्न जोखिम एससीएआरडी बैंकों के लिये अल्पकालीन पुनर्वित्त की ब्याज दर में निम्नानुसार संशोधन किया:-

प्रभावी तिथि ब्याज की दर(%)

03.5.2018	8.00
30.5.2018	8.65
14.6.2018	8.30
19.7.2018	7.85
10.8.2018	7.95
06.9.2018	8.10
08.10.2018	8.80
13.12.2018	8.65
16.01.2019	8.40

नाबार्ड के पुनर्वित्त पर संशोधन का सुझाव देने वाले सभी प्रासंगिक परिपत्रों को दिनांक 29 जून 2018, 15 सितम्बर 2018 तथा 18 जनवरी 2019 को सम्पन्न क्रमश: 155वीं, 156वीं तथा 157वीं बोर्ड की बैठक में सूचनार्थ रखा गया।

यह देखा गया है कि नाबार्ड के पुनर्वित्त पर ब्याज की दरों में वृद्धोन्मुख संशोधन के परिणामस्वरूप लाभप्रदता को प्रभावित करतें हुए ग्राहक बैंकों को उपलब्ध मार्जिन की भी हानि उठानी पड़ी। यद्यपि 2018-19 के दौरान पुनर्वित्त मिश्रण में एलटीआरसीएफ का उच्च अनुपात एससीएआरडी बैंको और एससी बैंको के निवेश ऋण की पुनर्वित्त लागत उल्लेखनीय ढंग से कम कर सका है।

2018-19 के दौरान एससीएआरडी बैंकों को नाबार्ड का पुनर्वित्त

एससीएआरडी बैंकों द्धारा नाबार्ड के पुनर्वित्त के आहरण के साथ विगत 3 वर्षो के तुलनात्मक आंकड़े तथा 2018-19 के लिये आवंटन नीचे दिये गये है।

(रु. करोड़ में)

क्रम संख्या	एससीएआरडी बैंक का नाम	आहरित पुनर्वित्त				पुनर्वित्त आवंटित
		2014-2015	2015-2016	2016-2017	2017-2018	2018-2019
1	गुजरात	80.00	80.00	80.00	0.00	-
2	हरियाणा	124.81	161.39	100.00	73.13	-
3	हिमांचल प्रदेश	45.00	63.70	100.00	63.96	68.31
4	जम्मू एवं कश्मीर	-	-	-	-	-
5	कर्नाटक	236.36	250.00	239.73	350.00	286.39
6	केरल	1154.79	1450.09	1490.32	1095.02	904.05
7	पण्डिचेरी	-	-	-	-	-
8	पंजाब	532.00	518.08	538.30	286.52	172.02
9	राजस्थान	171.00	200.00	250.00	225.00	137.73
10	तमिलनांडु	-	-	-	-	-
11	त्रिपुरा	-	-	-	-	-
12	उत्तर प्रदेश	450.00	450.00	450.00	288.84	117.10
13	पश्चिम बंगाल	129.99	165.00	150.00	212.00	250.00
	योग	**2923.95**	**3258.26**	**3397.34**	**2594.47**	**1935.60**

2017-18 में रु.2594.47 करोड़ तथा 2016-17 में रु.3397.34 करोड़ के सापेक्ष 2018-19 में एससीएआरडी बैंकों का कुल पुनर्वित्त आहरण रु.01935.60 करोड़ था। 2017-18 की तुलना में 2018-19 में उपयोग किये गये पुनर्वित्त में 25.4% की गिरावट हुई।

13 पूर्णत: कार्यशील एससीएआरडी बैंकों में से केवल 7 एससीएआरडी बैंकों ने 2018-19 में पुनर्वित्त आहरित किया। तथापि, राज्य सरकार की गारण्टी की अनुपलब्धता, पात्रता की शर्तो को पूरा न कर पाने के कारण, गुजरात, तमिलनाडु, त्रिपुरा, जम्मू व कश्मीर तथा पाण्डिचेरी

शासकीय गारण्टी के अभाव में पात्रता मानदण्ड को पूरा न कर पाने के कारण निरन्तर पुनर्वित्त के लिये अपात्र बने रहे। एससीएआरडी बैंक केरल जिसने रु.904.05 करोड़ का पुनर्वित्त आहरित किया, कुल 46.71% था जो 2017-18 में बैंक द्वारा आहरित पुनर्वित्त से 9.87% कम था। हिमाचंल प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल के एससीएआरडी बैंकों के आहरण में वृद्धि हुई जबकि अन्य सभी शेष के संदर्भ में आहरण गत वर्ष से कम रहा। आहरण में उल्लेखनीय गिरावट कर्नाटक, केरल, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में पायी गई। एससीएआरडी बैंक हरियाणा ने 2018-19 में पुनर्वित्त का कोई आहरण नहीं किया।

नाबार्ड ने एससीएआरडी बैंकों के लिये उनके 7 एससीएआरडी बैंकों द्वारा वर्ष के दौरान आहरित 1935.60 करोड़ के सापेक्ष वर्ष 2018-19 में रु.3000.00 करोड़ आवंटित किया था।

एससीएआरडी बैंकों को राष्ट्रीय आवास बैंक(एनएचबी) का पुनर्वित्त

एनएचबी एससीएआरडी बैंको को नियमित योजना के साथ पुनर्वित्त योजना में ग्रामीण आवास कोष के अंतर्गत पुनर्वित्त सुविधा प्रदान करा रहा है। एससीएआरडी बैंकों द्वारा एनएचबी पुनर्वित्त का लाभ उठाने के लिए पात्रता मानदण्ड निम्नानुसार हैं:-

- एससीएआरडी बैंक की ऋणवसूली संघीय ढांचे के संदर्भ में 60% से अधिक स्तर पर तथा एकात्मक संरचना के संदर्भ में 75%।
- 5 वर्ष से अधिक के सभी बकाया ऋण विधिक कार्यवाही से आच्छादित होने चाहिए।
- बकायेदार ऋण प्राप्तकर्ता नहीं होना चाहिए।
- नियमित पुनर्वित्त योजना के अन्तर्गत, पुनर्वित्त निर्माण/आवास इकाइयों की खरीद के साथ साथ आवास इकाइयों की मरम्मत, नवीनीकरण, उन्नयन के सापेक्ष ऋण सीमा के प्रतिबन्ध, सम्पत्ति की अवस्थिति अथवा ऋण प्राप्त कर्त्ता की श्रेणी के अवरोध के बिना ऋण दिया जाता है।
- नियमित पुनर्वित्त योजना के अन्तर्गत ब्याज की दर बाजार पर आधारित है। एआरडी बैंक फिर से स्थापित करने के या तो मुक्त ब्याज का अथवा निश्चित ब्याज दर का विकल्प ले सकते हैं। एनएचबी ने भी नियमित पुनर्वित्त की ब्याज दर पर निम्नांकित मामलों में ब्याज की दर में रियायत प्रदान कराई है:-

  रु.5 लाख तक के ऋण

  - ग्रामीण क्षेत्र में ऋण
  - महिलाओं को ऋण
  - उभयलिगियों को ऋण
  - विभिन्न विकलांग व्यक्तिओं को ऋण
  - अनुसूचित/जन जाति के व्यक्तियों को ऋण
  - सौर्य उपकरण, जल संचयन आदि ग्रीनहाउस व्यवस्था के लिये ऋण
- एससीएआरडी बैंकों को नियमित पुनर्वित्त योजना के अंतर्गत अंतिम ऋणी सदस्य स्तर की ब्याज दर निर्धारित करने की स्वतंत्रता।
- एससीएआरडी बैंक ग्रामीण आवास कोष से निम्नांकित शर्तो के अधीन पुनर्वित्त प्राप्त करने के पात्र हैं:-
  - व्यक्तिगत ऋणों का अधिकतम आकार, कुल निर्माण लागत अधिकतम 25 लाख सहित आवास की लागत रु.20 लाख होगी।
  - सम्पत्ति की अवस्थिति ग्रामीण क्षेत्र में होनी चाहिए अर्थात 2011 की जनगणना के अनुसार 99999 तक की जनसंख्या वाले गांव में।
  - ऋण प्राप्तकर्त्ता समाज के कमजोर वर्ग जिसकी वार्षिक आय रु. 3 लाख से अधिक न हो, से होना चाहिए।
  - पुनर्वित्त के लिये निश्चित दर जिसमें पुनर्नियोजन नहीं होगा, ब्याजदर 4.86% वार्षिक होगी।
  - पुनर्वित्त की अवधि 3 से 7 वर्ष की होगी।
  - एससीएआरडी बैंकों तथा पीसीएआरडी बैंकों दोंनों के लिये ब्याज उपान्त 3.5% से अधिक नहीं होना चाहिए।
  - एनएचबी द्वारा वित्त पोषण करने वाली एजेन्सी को पुनर्वित्त आवंटन प्रारम्भिक आवंटन के उपयोग के बाद यदि आवश्यक हुआ तो अतिरिक्त आवंटन, के प्रावधान सहित जुलाई से जून के लिये वार्षिक आधार पर किया जाता है।

अंतरिम बजट 2019

वित्त मंत्री श्री पीयूश गोयल ने 1 फरवरी 2019 को अंतरिम बजट प्रस्तुत किया। क्षेत्रवार आवंटन मे, कृषि क्षेत्र में 2018-19 के

संशोधित अनुमान से अधिक 73% की वृद्धि पायी गई। लघुं एवं सीमान्त कृषकों को प्रति वर्ष रु.6000 की आय प्रदान कराने वाली प्रधानमंत्री किसान समर निधि योजना बजट का मुख्य आकर्षण है। इसमें सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 0.36% के लिये रु.75,000 करोड़ का परिव्यय होगा। समय से किस्त अदायगी पर 3% की छूट प्रदान करते हुये फसली ऋण अनुदान योजना जारी रखने के अतिरिक्त, प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को 2% ब्याज अनुदान भी प्रारभ किया गया है। आर्य समर्थन योजना से किसानों की व्यथा में तथा ग्रामीण खपत और मांग में कुछ हद तक कमी आने की आशा है। यह पहल आनेवाले वर्षो में समर्थन बढ़ाने की सम्भावना के बेहतर प्रभाव प्रस्तुत करता है। सूक्ष्म, मध्यम और लघु उपक्रमों (एमएसएमई) के लिये सरकार ने रु. एक करोड़ तक के ऋणों पर जो जीएसटी में पंजीकृत इकाइयों हैं, पर 2% ब्याज की छूट घोषणा की है। सरकारी उद्यमों द्धारा एमएसएमई से स्त्रोतो से की आवश्यकता भी 25% तक बढ़ गई है जिसमें कम से कम 3% महिला नेतृत्व वाले एमएसएमई होने चाहिए। कर आधार को बढ़ाते तथा अर्थव्यवस्था को औपचारिक रूप देते हुये ब्याज में छूट से अधिकाधिक एमएसएमई के जीएसटी के अन्तर्गत पंजीकरण को प्रोत्साहित कराने की अपेक्षा की जाती है। सरकारी ई-प्रोक्योरमेण्ट स्थल भी एमएसएमई को बड़ी बाजारों में लाने में सहायक होगा। प्रधानमंत्री श्रम-योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों हेतु सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिये एक पहल है। ये योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को रु.15000 तक की मासिक आय के साथ रु.3000 के आश्वासित मासिक पेन्श्न के प्रावधान पर ध्यान देती है। योजना सरकार द्धारा अनुकूल अंशदान सहित अंशदायी है। योजना से वृद्धावस्था सामाजिक सुरक्षा प्रदान कराने के साथ असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को बचत करने के लिये प्रोत्साहित कराने की अपेक्षा हैं। वहनीय आवास परियोजनाओं प्राप्त 100% लाभ में कटौती के द्धारा अचल सत्पत्ति के विकासकों को आय कर अधिनियिम की धारा 80-आइबीए के अन्तर्गत मार्च 2020 तक अनुमोदित परियोजनाओं के लिये अचल सम्पत्ति लाभों को अगले वर्ष के लिये बढ़ा दिया गया है। इस पहल से भवन निर्माण गतिविधि विशेष रूप से वहनीय भवन निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। व्यक्तिगत करों में, जबकि आयकर दरों व आय खण्डों में कोई प्रभार प्रस्तावित नहीं किए गये हैं, सरकार ने करदाताओं को विशेष कर मध्यम तथा वेतन भोगी वर्ग के लोगों को राहत देने के लिये कुछ प्रमुख प्रस्ताव तैयार किए हैं। व्यक्ति के लिये कर मुक्त आय की सीमा रु.2.5 लाख से बढ़ा कर रु.5.00 लाख किया जाना, वेतन भोगियों के लिये मानक कटौती रु.40000 से बढ़ा कर रु.50000 कर देना, स्वयं अपयोग के दूसरे भवन के काल्पनिक किराये को कर मुक्त किया जाना तथा बैंक या डाकघर के जमा से ब्याज पर कर की कटौती की सीमा रु.10000 से बढ़ा कर रु.40000 किया जाना, कर दाताओं को दिये गये कुछ लाभ हैं।

बजट 2018-19 में रु.24.42 लाख करोड़ से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि चिन्हांकित करते हुए रु.27,84,200 करोड़ के कुल परिव्यय दर्शाता है। कुल परिव्यय रु.27.84 लाख करोड़ के विरुद्ध कुल लिये गये ऋण पर विचार किए बिना, कुल आय का अनुमान मात्र रु. 20.80 लाख करोड़ है। इसका तात्पर्य है कि व्यय और प्राप्तियों को संतुलित करने के लिये सरकार को रु.7.04 करोड़ तक अन्य देयताओं को उधार लेना अथवा सृजित करना है। यह धनराशि राजकोषीय घाटे को, जो सकल घरेलू उत्पाद का 3.4% ही दर्शाती है। फाइनेंशियल रिस्पान्सिबिलिटी एण्ड बज्ट मैनेजमण्ट अधिनियम (एफआरबीएम) के अनुसार सामान्य रूप से राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद से 3% नीचे होना चाहिए। रु. 27.84 लाख करोड़ के कुल परिव्यय में से रु. 3.36 लाख करोड़ , जो बजट का 12% है, पूँजी परिव्यय के लिये आवंटित है। इसके अतिरिक्त पूरे बजट के सकल पूँजीगत परिव्ययों को बढ़ाते हुये, रु.2 लाख करोड़ राज्य सरकारों को पूँजीगत परिसम्पत्ति सृजन के लिये अनुदान के रूप में आवंटित किया गया है। कुल व्यय के 61% के अनुरूप अपेक्षित कर राजस्व रु.17 लाख करोंड़ है। सरकार रु.2.7 लाख करोड़ के गैर कर राजस्व की अपेक्षा करती है जिससे कुल परिव्यय का 71% बनाते हुये कुल राजस्व प्राप्तियां रु.19.77 लाख करोड़ पर पहुँच जाती हैं। इसी तरह, रु.19.77 लाख करोड़ की कुल राजस्व प्राप्तियों के सापेक्ष कुल राजस्व परिव्यय रु.24.47 लाख करोड है, जो दूसरे शब्दों में सरकारी तंत्र को चलाने के लिये दिन-प्रतिदिन के लिये अपेक्षित व्यय हैं।

राजकोषीय उद्दीपन के माध्यम से रु. एक ट्रिलियन (रु. एक लाख करोड़) का अंतरिम बजट जो लघुं एवं सीमान्त किसानों को प्रत्यक्ष नगद लाभ एवं मध्यम वर्ग को कर लाभ दिलायेगा किन्तु पिछले 2 वर्षो में बजटीय राजकोषीय घाटे में जारी फिसलन की पृष्ठभूमि पर राजकोषीय समेकन पर और दबाव डालता है।

VII. सम्बद्धीकरण

राष्ट्रीय स्तर पर

राष्ट्रीय स्तर पर फेडरेशन निम्नांकित संगठनों से सम्बद्ध है:-

नेशनल कोआपरेटिव यूनियन ऑफ इण्डिया (एनसीयूआई)

फेडरेशन एनसीयूआई का सदस्य है तथा इसके कार्यक्रमों से सक्रिय रूप से जुड़ा है। श्री के शिवदासन नायर, अध्यक्ष, एनसीयूआई की सामान्य सभा में फेडरेशन के प्रतिनिधि हैं जिन्हें सर्व सम्मति से एनसीयूआई की संचालक परिषद के लिए चुना गया है। वर्ष के दौरान एनसीयूआई द्वारा निम्नांकित कार्यक्रम आयोजित किये गये:-

1) भारतीय सहकारी प्रतिनिधि मण्डल नें श्री चन्द्रपाल सिंह यादव, एम.पी., अध्यक्ष, एनसीयूआई के नेतृत्व में 8-11 अगस्त 2018 को मारीशस का भ्रमण किया जिसमें श्री के. शिवदासन नायर, अध्यक्ष, तथा श्री के. के. रविन्द्रन, प्रबन्ध निदेशक, एनीएआरडीएफ ने भाग लिया।

फेडरेशन निम्नांकित अन्य राष्ट्रीय स्तर के संगठनों/संघों से भी सम्बद्ध है:-

कोआपरेटिव बैंक ऑफ इण्डिया(सीओबीआई)

फेडरेशन सीओबीआई के संस्थापक सदस्यों में से एक है। फेडरेशन के अध्यक्ष श्री के. शिवदासन नायर फेडरेशन के अध्यक्ष को सीओबीआई की सामान्य सभा में नामित किया गया। वर्ष के दौरान एनसीयूआई द्वारा निम्नांकित कार्यक्रम आयोजित किये गए:-

1. सीओबीआई की सामान्य निकाय बैठक दिनांक 28 अगस्त 2018 को नई दिल्ली में सम्पन्न हुई जिस मे श्री के. शिवदासन नायर, अध्यक्ष, एनसीएआरडीएफ ने भाग लिया।
2. 12-15 नवम्बर 2018 को बुडापेस्ट हंगरी में ''प्रभावी मानव संसाधन विकास नीतियों को सहकारिता क्षेत्र में अपनाने की आवश्यकता'' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन जिसमें श्री दलीप सिंह यादव, उपाध्यक्ष, एनसीएआरडीएफ ने भाग लिया।

नेशनल फिल्म एण्ड फाइन आर्ट्स कोआपरेटिव्स लि. (नेफेक)

फेडरेशन के प्रबन्ध निदेशक इसकी सामान्य सभा के सदस्य हैं।

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी)

श्री के.के.रविन्द्रन, प्रबन्ध निदेशक, फेडरेशन को भारत सरकार द्वारा एनसीडीसी अधिनियम 1962 की धारा 3(4)(XVII) के अन्तर्गत एनसीडीसी की सामान्य परिषद का सदस्य नामित किया गया है। वर्ष के दौरान एनसीडीसी की 83वीं सामान्य सभा की बैठक दिनांक 18-04-2018 को तथा 84 वीं महासभा की बैठक 27-02-2019 को नई दिल्ली में सम्पन्न हुई जिसमें श्री के. के. रविन्द्रन, प्रबन्ध निदेशक, एनसीएआरडीएफ ने भाग लिया।

फेडरेशन निम्नांकित संगठनों से भी एसोसिएट सदस्यता बनाए हुए है:-

- इण्डियन मर्चेण्ट्स चेम्बर (आइएमसी)
- इण्डियन बैंक्स एसोसिएशन (आइबीए)
- इण्डियन सोसाइटी फॉर स्टडीज़ इन कोआपरेशन
- इण्डियन टूरिज़्म कोआपरेटिव लि.(आइटीसी)

सेण्टर फॉर इण्टरनेशनल कोआपरेशन एण्ड ट्रेनिंग इन एग्रीकल्चरल बैंकिंग (सीआइसीटीएबी)

फेडरेशन के प्रबन्ध निदेशक इसकी सामान्य परिषद के सदस्य हैं। फेडरेशन नियमित रूप से सीआईसीटीएबी के कार्यक्रमों के लिए सदस्य बैंकों से अधिकारी और गैर सरकारी पदाधिकारी नामित करता है।

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर

इण्टरनेशनल कोआपरेटिव एलाएन्स (आईसीए)

फेडरेशन वैश्विक आइसीए के साथ ही आइसीए एशिया पैसिफिक रीजन का भी सदस्य है।

फेडरेशन आइसीए की अनेक समितियों से भी सम्बद्ध है।

श्री के शिवदासन नायर, फेडरेशन के प्रतिनिधि के रूप में आईसीए-

एपी के अन्तर्गत रीजनल कोआपरेटिव बैंकिंग एसोसिएशन के अभी भी अध्यक्ष हैं।

फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने वर्ष के दौरान आईसीए के निम्नांकित कार्यक्रमों में भाग लिया:-

- आईसीए-एपी कन्ज्यूमर कमेटी एण्ड मलेशियन नेशनल मूवमण्ट कौलालुमपर (मलेशिया) द्वारा आइसीए एशिया पैसिफिक एसडीजी सेमिनार-2018 का 24-25 अप्रैल 2018 को आयोजन किया गया जिसमें निम्नार्किंत प्रतिनिधयों ने भाग लिया:-
  1. श्री अरविन्द सिंह, आरसीएस, पंजाब
  2. श्री एच.एस. सिद्धू, प्रबन्ध निदेशक, पंजाब एससीएडीबी
  3. श्री के.के.रविन्द्रन, प्रबन्ध निदेशक, एनसीएआरडीएफ
- 19 अक्टूबर 2018 से 26 अक्टूबर 2018 तक अर्जेण्टाइना में आईसीए महा सभा तथा अन्य आयोजन- श्री के शिवदासन नायर, अध्यक्ष तथा श्री के.के.रविन्द्रन, प्रबन्ध निदेशक, एनसीएआरडीएफ ने भाग लिया।
- 26 नवम्बर से 30 नवम्बर 2018 तक तेहरान(ईरान) में 13वीं आईसीए एपी क्षेत्रीय महासभा तथा सम्बन्धित आयोजन जिसमें श्री के.के.रविन्द्रन, प्रबन्ध निदेशक, एनसीएआरडीएफ ने भाग लिया।

एशिया पेसिफिक रीजनल एग्रीकल्चरल क्रेडिट एसोसिएशन (एप्राका)

फेडरेशन एप्राका का संस्थापक सदस्य है। श्री के.के.रविन्द्रन प्रबन्ध निदेशक फेडरेशन 1996 से इसकी सामान्य सभा के सदस्य हैं।

इण्टरनेशनल रैफिसन यूनियन (आईआरयू)

फेडरेशन आई आरयू का सदस्य है। आईआरयू की सामान्य सभा में फेडरेशन का प्रतिनिधित्व अध्यक्ष करते हैं। वर्ष के दौरान आइआरयू के कार्यक्रमों/ बैंठकों में फेडरेशन की ओर से कोई प्रतिनिधी नहीं गया।

उपर्युक्त के अतिरिक्त निम्नाकित कार्यक्रमों में एनसीएआरडीएफ के सदस्यों ने भाग लिया:-

- निम्नांकित प्रतिनिधि मण्डल साइरेक वर्ल्ड कानफ्रेन्स ऑन कोआपरेटिव एण्ड सोशल एण्टरप्राइज़ इन लीग, बेल्जियम एण्ड स्टडी विजिट टु एग्रीकोले पेरिस एण्ड एफएओ रोम में भाग लिया गया:-
  1. श्री के. शिवदासन नायर, अध्यक्ष, एनसीएआरडीएफ।
  2. श्री दलीप सिंह यादव, उपाध्यक्ष, एनसीएआरडीएफ।
  3. श्री सोलोमन एलेक्स, अध्यक्ष एससीएआरडी बैंक, केरल।
  4. श्री के.के.रविन्द्रन, प्रबन्धन निदेशक, एनसीएआरडीएफ।
- ''मध्य एशिया में सहकारिताओं का विकास'' पर 10-14 सितम्बर 2018 को बिशलेक में दूसरा अंतर्राष्ट्रीय सहकारिताओं का फोरम जिसमें निम्नांकित प्रतिनिधियों ने भाग लिया:-
  1. डा. बिजेन्द्र सिंह, निदेशक, एनसीएआरडीएफ
  2. श्री सुखबीर सिंह पनंवर, उपाध्यक्ष,दिल्ली एससीबी

VIII. फेडरेशन का प्रबन्धन

सामान्य निकाय

सामान्य निकाय में फेडरेशन के सदस्य होते हैं जिसमें प्रतिनिधि बैंकों के निदेशक मण्डल द्वारा नामित प्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व होता है।

31.03.2019 को फेडरेशन के सदस्यों की सूची निम्नवत है:-

1. असम राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक लि. गुवाहटी।
